SOCIAL AND CULTURAL LIFE AS DEPICTED IN PARAMARA INSCRIPTIONS

(IN HINDI)

A

Thesis Submitted for the Degree of

DOCTOR OF PHILOSOPHY

BY

RAGHVENDRA VIKRAM SINGH

Under the Supervision

of

Dr. R.P. Tripathi

DEPARTMENT OF ANCIENT HISTORY CULTURE AND ARCHAEOLOGY

UNIVERSITY OF ALLAHABAD

ALLAHABAD

INDIA

2001

उपाध्यायान्दशाचार्य आचार्याणां शत पिता ।
सहस्त्र तु पितृन्माता औरवेणाति रिच्यते ।।

मनुस्मृति– 1/2/145

समर्पण

मेरी वन्दनीया मा को,

जिसकी गोद मे

मैने

इस दुनिया मे

पहली बार ऑखे खोली

एव

पूज्य पिताजी को

जिनसे

इस दुनिया एव

दुनिया के

लोगो के बारे मे

समझा

––––

ओऽम्

गजानन भूतगणादिसेवितम्

कपित्थजम्बू फलचारुभक्षणम्

उमासुतम् शोक विनाशकारकम्

नमामि विघ्नेश्वर पाद पकजम् ।।

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे,

सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणी नमोस्तु ते।

मन्दाकिनी सलिल चन्दन चर्चिताय,

नन्दीश्वर नाथ प्रमाथ महेश्वराय।

मन्दार पुष्प वहुपुष्प सुपूजिताय,

तस्मै शिकाराय नम शिवाय।।

अतुलित बलधाम हेमशैलाभिदेहम्

दनुज बलनिधानमज्ञानामग्रिगण्यम्

सकलगुणनिधानम् वानराणामधीशम्

रघुपति प्रिय भक्तम् वातजातम् नमामि।

प्राक्कथन

पूर्वमध्यकाल भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण काल था। इस काल के अतीत मे चक्रवर्ती सम्राटो एव सास्कृतिक स्वर्णयुग की सज्ञा से विभूषित गुप्तकाल था। वही इसके वर्तमान मे "हमारा पडोसी हमारा स्वाभाविक शत्रु है" की वह भावना विद्यमान थी जिसने इस पूरे काल को अनेक राज्यो एव राजवशो के इतिहास मे बॉट कर रख दिया। इस काल को राजपूत काल के नाम से भी जाना जाता है।

परमार राजवश की उत्पत्ति, सभ्यता, सस्कृति एव उनके समाज के बारे मे अन्य राजवशो की अपेक्षा उल्लेखनीय कार्य कम ही हुए है अत परमारो के सामाजिक सास्कृतिक जीवन के बारे मे अभिलेखीय अध्ययन अत्यत आवश्यक था। मै स्वय परमार क्षत्रिय वश का हूँ अत मेरे लिये यह इतिहास जानने एव अपने वश के प्रति श्रद्धा ज्ञापित करने का एक सुअवसर भी था। मैने यह कार्य निष्ठा पूर्वक करने का प्रयास किया है।

परमार राजवश का शासन नवी शताब्दी से चौदहवी शताब्दी के आरम्भिक वर्षों तक लगभग पाच सौ वर्षों का गौरवशाली इतिह्यस है। परमारो की पाच शाखाये थी – मालव शाखा, आबू शाखा, बागड शाखा, जालौर शाखा और भिनमाल शाखा। इनमे सबसे महत्वपूर्ण मालव शाखा थी। उत्पत्ति की दृष्टि से आबू शाखा का सर्वाधिक महत्व इसलिये है क्योकि परमारो की उत्पत्ति आबू पर्वत से मानी गई जहा से ये मालवा आये और अपना साम्राज्य स्थापित किए। इन पाचो शाखाओ के अधीन एक समृद्ध भू–भाग था जिसे सलग्न मानचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

यद्यपि विभिन्न विद्वानो ने सामाजिक जीवन, सभ्यता, सस्कृति, शिक्षा साहित्य एव आर्थिक दृष्टि से समय – समय पर महत्वपूर्ण कार्य किया है फिर भी अभिलेखो के आधार पर इस सदर्भ मे पृथक रुप से कोई उल्लेखनीय कार्य सभव नही हो सका है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध इस दृष्टि से निष्ठापूर्वक किया गया एक प्रयास है।

परमारो से सम्बन्धित लगभग 96 अभिलेख अब तक प्राप्त हुए जिनकी सूची सलगन की गई है। केवल अभिलेखिक साक्ष्यो के आधार पर अध्ययनपूर्ण नही हो सकता अत तत्कालीन साहित्यिक एव अन्य उपलबध ऐतिहासिक साक्ष्यो का अवलोकन किया गया है। परमारो के सम्बन्ध मे अथर्ववेद, याज्ञवल्क्यस्मृति नारद स्मृति, वृहस्पति स्मृति, उपनिषदो, पौराणिक ग्रथो एव सस्कृत ग्रथो की सहायता ली गयी है। उपरोक्त साक्ष्यो की पुष्टि के लिए विदेशी लेखको के विवरणो का भी सहारा लिया गया है। सामाजिक एव सास्कृतिक इतिहास के सम्बन्ध मे समकालीन अन्य राजवशो के सम्बधित अभिलेखिक एव साहित्यिक साक्ष्यो का भी उपयोग किया गया है। परमारो की साम्राज्य सीमा को प्रदर्शित करने के लिए जो मानचित्र सलग्न है वह Carpus Inscrptıonum Indıcarum पर आधारित है।

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध मे कुल पाच परिच्छेद है जिसमे प्रथम परिच्छेद मे परमारो की उत्पत्ति एव उनका राजनैतिक उत्कर्ष, द्वितीय परिच्छेद मे परमार कालीन सामाजिक जीवन वर्ण, जाति व्यवस्था, विवाह, परिवार, नारी, खान–पान, परिधान, मनोरजन तथा तृतीय परिच्छेद मे परमार शासको की धार्मिक नीति – धार्मिक जीवन, व्रत, त्योहार, उत्सव एव चतुर्थ परिच्छेद मे परमार कालीन शिक्षा साहित्य एव कला तथा अतिम परिच्छेद मे परमार कालीन आर्थिक जीवन उद्योग,

वाणिज्य एव कराधान का यथासभव विशद वर्णन किया गया है।

परमार वश पर शोध करना मेरे लिये सिर्फ शोध का ही विषय नही अपितु श्रद्धा का विषय था। परमार क्षत्रिय कुल मे उत्पन्न होने से मेरे लिये अपने वश और कुल की उत्पत्ति के बारे मे जिज्ञासा आरभ से ही थी। अपने सुहृदय गुरुदेव डा० आर०पी० त्रिपाठी जी से मैने परमारो पर शोध करने की आज्ञा चाही जिसे गुरुदेव ने आज्ञा प्रदान कर मुझ पर जो कृपा की उसका मै ऋणी हूँ।

पूज्य गुरुदेव डा० त्रिपाठी जी ने न केवल मेरे शोध सम्बन्धी निर्देशन दिया अपितु जीवनोपयोगी जो व्यावहारिक सीख दी वह एक उदारमना गुरु ही कर सकता है। गुरुदेव जितने ही मृदुभाषी है उतने ही कर्तव्यनिष्ठ एव अनुशासित व्यक्तित्व है।

पूज्यगुरुदेव न सिर्फ मेरे शोध मार्ग दर्शक है अपितु मुझ पर उनकी पितृवत छाया ने जो आत्मिक सम्बल प्रदान किया। वह गुरुदेव जैसे उदार व्यक्तित्व के धनी ही कर सकते है।

शोध मे प्रवेश लेने के बाद जब मै मुरुदेव के घर आशीर्वाद लेने पहुचा तो गुरुदेव ने आशीर्वचनो के बाद कहा – मेरे निर्देशन मे शोध करने वालो मे से कोई Unemployed नही है मेरा आशीर्वाद है कि तुम शीघ्र अच्छी नौकरी पा जाओ। गुरुदेव का यह प्रथम आशीर्वचन था।

गुरुजी के घर का वातावरण अत्यन्त पारिवारिक रहा। गुरुमाता ने जो स्नेह दिया वह अविस्मरणीय है। मेरा शोध प्रबन्ध विलम्ब हो रहा था। इसके लिए गुरुमाता ने मातृवत छिडकी भी दी और शोध प्रबन्ध शीघ्र जमा करने हेतु प्रेरित किया जिसके लिए मै मुरुमाता का आभारी हूँ।

मैने हमेशा गुरुदेव एव गुरुमाता को माता पिता तुल्य ही समझा यदि इन्हे मेरे किसी भी आचार व्यवहार से तनिक भी कष्ट हुआ हो तो मै बारम्बार क्षमाप्रार्थी हूँ। गुरुजी के परिवार मे दीपा, प्राची, नीरज एव रतन ने बार–बार प्रेरित किया कि मै अपना शोध प्रबन्ध शीघ्र प्रस्तुत करू इसके लिए मै उन सभी का आभारी हूँ। रतन मेरा अनुज तुल्य मित्र है जो अपने वय से अधिक समझदार एव अत्यत विनम्र है जो गुरुजी के सानिध्य का फल है।

छात्रावास मे जिन वरिष्ठ लोगो का सहयोग प्राप्त हुआ उनमे सबसे पहले श्री शोभनाथ सर का नाम लेना मेरे लिये परम आवश्यक है क्योकि छात्रावास का जब मै अतवासी नही था तब श्री शोभनाथ सिह सर के कमरे मे रहा और शोभनाथ सर का बडप्पन यह रहा कि उन्होने मुझे अपने छोटे भाई जैसा स्नेह दिया। वे छात्रावास मे मेरे सरक्षक की तरह रहे। उन जैसा सहनशील एव उदार व्यक्ति मेरे जीवन मे अविस्मरणीय स्थान रखता है। मैने अग्रेज विज्ञान Bıron की यह पक्ति पढा था। – "God Loves whom dıed young" यह मेरा दुर्भाग्य है कि श्री शोभनाथ सर अब हमारे बीच नही है उनकी स्मृति को शत् शत् नमन्।

बृजेन्द्र विद्याकर सिह मेरे उन अतिनिकट लोगो मे था जिसने मुझे बडे भाई की तरह आदर दिया। वह छात्रावास के मेरे ही ब्लाक के कक्ष स० 32 मे रहा। मेरे और विद्याकर के बीच कोई औपचारिकता कभी नही रही। मै जब भी छात्रावास के 32 नम्बर के सामने से गुजरता हूँ तो उसका सबोधन हलो सर । राघव सर । महसूस होता है। उसकी ढेरो स्मृतिया मेरे जेहन मे है। मेरे प्रिय विद्याकर की स्मृति को सदा मेरा प्रणाम्।

छात्रावास छोडने के बाद भी मेरा सम्बध छात्रावास के जिन लोगो से

अत्यत सौहार्दपूर्ण रहा उसमे विजय राय अविस्मरणीय है। उसके और हमारे बीच ज्येष्ठता का बडा अन्तर छात्रावास मे रहा, किन्तु हमारे सम्बध अत्यत मधुर थे। उसके अचानक हमारे बीच से चले जाने का मुझे अत्यत कष्ट है। विजय की स्मृति को मेरा नमन।

मेरे मित्र आलोक सिह "बब्लू" की स्मृति मेरे मनस पटल पर सदैव उपस्थित रहेगी। उसकी स्मृति को प्रणाम।

छात्रावास के जिन वरिष्ठ लोगो मे श्री कौशलेन्द्र सिह जो मेरे वरिष्ठ मित्र एव पडोसी (वे कक्ष स 38 मे रहते थे और मै कक्ष स 39 मे) रहे। श्री प्रदीप सिह (85) जो मेरे वरिष्ठ भी रहे और मेरे मित्र भी। श्री अजय कुमार सिह सर (जो कक्ष स 39 मे ही रहे उनके छात्रावास छोडने के बाद मै कक्ष स 39 का अत वासी बना) उनका स्नेह आज भी यथावत है वे जो राजेश सर मेरे सीनियर जो मेरे शुभचिन्तक मित्र रहे जिनके बिना मेरी मित्रमण्डली पूरी नही हो सकती थी उनमे श्री राजेश कुमार सिह (काका), कुमुदेन्दु कलाकर सिह, मारकन्डेय सिह और सबसे अलग सबसे प्रमुख गुन्नू सर जिन्हे कुछ अत वासी उनका नाम वृजेश प्रताप सिह जान ही नही सके गुन्नू सर छात्रावास के प्रमुख लोगो मे और मेरे प्रमुख शुभेच्छु रहे और अभी भी है। अत मे राणा भाई राणा इन्द्रजीत सिह एव श्री शैलेन्द्र प्रताप सिह जो मेरे अभिन्न मित्र है। आप सभी के प्रति मै आभारी हूँ।

मेरे कनिष्ठ छात्रावासी अनूप कुमार सिह, प्रदीप कुमार सिह (बिल्लू) राहुल मिश्र, विजय पाण्डेय, राघवेद्र, डी०डी०, कुँअर अरुण प्रताप सिह, राजेश कुमार सिह 'हीरा' अश्विनी सिह, राजीव कुमार सिह, अजय और पकज, मिथिलेश सिह एव अन्य सभी मित्रो ने जिन्होने मुझे शोध प्रबन्ध लिखने मे यथासभव सहयोग ओर प्रोत्साहन दिया इन सभी का मै आभारी हूँ। यदि अपने कनिष्ठ छात्रावासियों

और अनुजतुल्य सहयोगियो का नाम लू और प्रदीप सिह कक्षा स 37 का नाम न लू तो यह खुद पर विश्वास न करने जैसा ही है। वास्तव मे मेरा यह शोध प्रबन्ध इतनी शीघ्रता से (जिसकी तैयारी सही मायने मे कुछ माह पूर्व से ही हुई) प्रस्तुत हो सका तो यह प्रदीप के सद्प्रयासो का फल है। छात्रावास जीवन के पूर्व के मित्र एव अभिन्न सहयोगियो मे श्री धर्मेन्द्र सिह विसेन, केसरी नन्दन मिश्रा, रवीन्द्र मिश्र, नागेन्द्र मिश्र, अजय सिह, एव विष्णुदत्त ओझा का मै विशेष आभारी हूँ।

मेरे शैक्षिक जीवन के प्रथम शिक्षक श्री दशरथ सिह का मै हृदय से आभारी हूँ जिन्होने स्वय अत्यन्त मर्यादित रहते हुए शिक्षको के प्रति सदैव आदरणीय भाव रखना सिखाया। श्री दशरथ सिह जी, के प्रति मै अत्यन्त कृतज्ञ हूँ।

श्री राम देव सिह इण्टर कालेज कामतागज सुलतानपुर के शैक्षिक एव पूरे स्टाफ का मै अत्यन्त आभारी हूँ।

डा० राघवेन्द्र शरण त्रिपाठी, डा० रामदल पाण्डेय, डा० मधुर नारायण मिश्र एव डा० परमात्मा नाथ द्विवेदी का भी मै विशेषरुप से आभारी हूँ।

मेरी मॉ के बाद मुझे जिसका सर्वाधिक स्नेह मिला, जिसने मुझे सदैव प्रेरित किया, जो मेरे जरा भी कष्ट मे दुख महसूस करती है। मै अपनी बहन तुला की सद्भावो को आत्मा से महसूस करता हूँ। मेरी बहन जो आयु मे मुझसे सिर्फ एक वर्ष ही बडी है परन्तु व्यवस्हार मे उसका स्नेह मुझ पर छाया की तरह सदैव रहता है उसे कोटिक चरण स्पर्श। जीजा जी श्री राजेश कुमार सिह ने अपने व्यस्त समय से मेरी कुशलता के लिए सदैव समय निकाला और मेरी कुशलता एव प्रगति के सदैव प्रयत्न शील रहते है। ईश्वर इन दोनो को सृष्टि के अन्त तक

स्वस्थ एव सुदीर्घ रखे यह मेरी शुभकामना है।

डा० राम अजोर सिह (डी०लिट०) प्राचार्य राम नगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, बाराबकी जिनके गरिमामयी व्यक्तित्व एव उदात्त व्यवहार ने यह सिद्ध किया कि हर व्यक्ति ख्यातिलब्ध क्यो नही होता। डा० सिह ने मुझे अपनी सतान सा सम्बल प्रदान किया उसके लिए मै उनका अत्यत आभारी हूँ। बाबू जी डा० सिह की उदात्तता के पीछे माता जी डा० श्रीमती राधारानी सिह प्रवक्ता हिन्दी जवाहर लाल नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाराबकी की गरिमामयी उपस्थिति मै पाता हूँ। श्रद्धेय माता जी को बारम्बार चरणस्पर्श।

डा० जे०पी०एन० सिह रीडर (बी एड) का सु० साकेत महाविद्यालय फैजाबाद एव जो मेरे जीजा जी के बडे भाई है एव दीदी ने मुझे अपने अनुज सा स्नेह दिया और मुझे शोधपत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित किया आप दोनो आदरणीय लोगो के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाओ के साथ मै श्रद्धावनत हूँ।

अक्टूबर 2001 के बाद के अपने जीवन को मै पुनर्जन्म मानता हूँ क्योंकि मै गम्भीररुप से अस्वस्थ हुआ था और सजय गॉधी आयुविज्ञान सस्थान मे पूरे एक सप्ताह स्वास्थ लाभ किया। इस समयावधि मे मेरे भतीजे बटी (देवेश कुमार सिह) ने जिस लगन से मेरी सेवा किया उसके बारे मे जितनी भी कृतज्ञता ज्ञापित की जाय वह अल्प ही है। कृतज्ञता इसलिए आवश्यक है, क्योकि उसने जिस निष्ठा एव स्नेह से सेवा की वह भगवान राम के अनुज लक्ष्मण जैसी सेवा थी। आयुर्विज्ञान संस्थान में बटी के ही दो सेवको – रामू और रामजीत का भी मै आभारी हूँ क्योकि उनकी सेवाओ के बिना मै इतनी शीध्रता से इस योग्य नही बन सकता था कि अपना शोध प्रबन्ध पूरा कर सकू। दूसरे भतीजे मटू की सेवा भी अनन्य है।

मेरे अग्रज श्री रमाशकर सिह जिन्हे हम सभी साधू भइया कहते है उनके लिए केवल इतना ही कह सकता हू कि यदि ईश्वर और मानव के बीच कोई जीव होता हो तो वह भइया है। मेरे परिवारकी सारी प्रगति के प्रेरणा स्रोत वही है। उनकी साथ भाभी जी का ममत्व मेरे प्रति सदैव बना रहा इसके लिए मै उनका आजीवन ऋणी हूँ।

राहुल भइया जिनसे बचपन मे हमारी बातचीत कम और झगडे अधिक होते थे। भइया और मुझमे आयु का अन्तर अधिक तो नही है किन्तु मेरे प्रति उनका स्नेह पितृवत है हालाकि अब भी हमारी बातचीत प्राय न के बराबर ही होती है। भाभी ने उनसे बढकर स्नेह मुझे दिया है अवश्य ही उनके पूर्वजो मे कोई महान आत्मा रही होगी क्योकि सामान्य सस्कार से इतने उदारमना हो ही नही सकते। आप दोनो के प्रति शब्दो मे कृतज्ञता व्यक्त ही नही की जा सकती केवल भावनाओ से समर्पित की जा सकती है।

राहुल भइया से बडे श्री सुरेन्द्र विक्रम सिह भाई साहब जिनका मेरे प्रति मित्रवत, मातृवत स्नेह सदैव रहा, जिनकी दृष्टि मे मै आज भी बच्चा ही हूँ उस उदारमन अग्रज एव भाभी को कोटिक वदना।

मेरे आध्यात्मिक गुरु श्री सी०एन० सिह के प्रति मै हृदय से कृतज्ञ हूँ जिनके आशीर्वाद से मै शीघ्र स्वस्थ हो सका। अस्वस्थता के बाद भी कुछ कमजोरी के कारण मुझे अपना शोध प्रबन्ध लिखने मे मेरी भतीजी ने अत्यत ही श्रमसाध्य एव नीरस कार्य (नीरस इसलिए क्योकि इतिहास उसका विषय नही है) किया उसके लिए वह कोटि–कोटि स्नेहाशीष। मेरी भतीजी गुड्डू ने जिस सी कोई बेटी हो ही नही सकती उसने मुझे सदैव प्रेरित किया गुड्डू बेटा, डी०के० एव मेरे बडे भतीजे राजन बेटा को कोटि कोटि अशीर्वाद। मेरे भॉजे गौरव सूर्यवशी एव सुभम

सूर्यवशी को शुभकामनाये। अपने कुतूहल से मेरे पुत्र कार्तिकेय भतीजे देवर्षि एव पुत्री ज्येष्ठा ने मेरा उत्साहवर्धन किया इन सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाये।

मुझे डी०फिल० की उपाधि मिलने पर जिन्हे सर्वाधिक प्रसन्नता होगी उनमे किरन दीदी, जीजाजी एव मेरे काकाजी जिनकी उगली पकडकर मै बडा हुआ हूँ उनके सुस्वास्थ एव दीर्घ जीवन की कामना के साथ कोटिक चरणस्पर्श। मेरे परिवार के सभी लोगो की हार्दिक अभिलाषा मेरे प्रगति है पकज, लिदिल, शरद, शिवेन्द्र एव परिवार के सभी लोगो के प्रति साधुवाद। मेरे छोटे साले राणा जीतेन्द्र सिह "लूसुर" (IIT) जो इस समय अमेरीका मे उच्च शिक्षारत् है ने मेरे शोध विषयक सामग्री कम्प्यूटर सै एकत्र की जिसके बिना यह कार्य अत्यन्त दुष्कर होता उसका एव विनय कुमार सिह "डब्बू" का मै आभारी हूँ।

मेरे पत्नी शशि ने शोध पत्र की Proof Currection मे विशेष मेहनत किया है। मेरे हम हर कार्य–परिणाम मे वह आधे की हिस्सेदार है ही इसलिए कोई कृतज्ञता न देते हुए मै अपने इस कार्य मे उसकी हिस्सेदारी महससू करता हूँ।

परमार वश के बारे मे अनुश्रुतियो एव अन्य स्रोतो से जो जानकारियॉ मिली उनमे मेरे सबसे बडे भाई श्री प्रताप बहादुर सिह जी, एव श्री मित्रसेन सिह जी एव अपने गृह जनपद सुलतानपुर के परमार क्षत्रियो मे श्री राँज बहादुर सिह एवं श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह जी "बुच्ची भाई" का नाम विशेष रुप से लेना चाहता हूँ। उज्जैन (मालवा) से आये परमार क्षत्रिय पश्चिम उत्तर प्रदेश के हरदोई, बरेली, शहजहॉपुर में बहुतायत है। पूर्वी उत्तर प्रदेश मे सुलतानपुर मे सम्मानित एव बहुतायत है। सुलतानपुर मे सहगिया, डोमापुर, जलालपुर एव पहाडपुर ग्राम के बुजुर्गों से एव हमारे ही वश परिवार के रामपुर अम्बेदकर नगर मे बस गये श्रीयुत श्रीश प्रताप सिंह से जो जानकारियॉ मिली वे सराहनीय है। मेरे शोध प्रबन्ध से

किसी को कुछ प्रेरणा मिल सके यह मेरी उपलब्धि होगी।

मेरा शोध पत्र इस रुप मे समयावधि मे प्रस्तुत हो सका इसके लिए जिन महानुभावो का मै ऋणी हूँ उनमे डा० रामकृपाल त्रिपाठी जी न सिर्फ हमारे छात्रावास अधीक्षक रहे अपितु हमारे स्थानीय अभिभावक जैसे है उन्हे एव भाभी जी के प्रति मै सदैव श्रद्धावनत हूँ। श्री अजय प्रताप सिह सुरक्षाधिकारी इ०वि०वि० इलाहाबाद से जो सहयोग मिला उसके लिए उनका मै आभारी हूँ। मेरे अनुज तुल्य सत्येन्द्र कुमार सिह, अखिलेश कुमार सिह, रमेश कुमार सिह 'मुन्ना' एव अशोक कुमार सिह का नाम मै विशेषरुप से लेना चाहता हूँ इन्होने मुझे शोधप्रबन्ध प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहन दिया उसके लिए इन्हे साधुवाद।

विभाग के जिन गुरुजनो के सहयोग के बिना यह कार्य पूर्ण नही हो सकता था उनमे पूर्व विभागाध्यक्ष डा० बी०डी० मिश्र जी का एव डा० डी०पी० दूबे जी का विशेष रुप से आभार व्यक्त करता हूँ। डा० मिश्र जी हमारे छात्रावास के पूर्व अत वासी रहे है उन्होने परिवार के मुखिया की तरह स्नेह दिया। डा० डी०पी० दूबे सर ने मुझे पुस्तके एव मेरे शोध से सम्बन्धित पुस्तको एव अन्य साक्ष्यो की जो जानकारी दी एव जो प्रोत्साहन दिया उसके बिना मेरा शोधकार्य अधूरा रह जाता। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो० जे०एस० नेगी एव प्रो० यू०एन० राय के प्रति आभार व्यक्त करना मै अपना दायित्व समझता हूँ।

विभागाध्यक्ष प्रो० ओम प्रकाश जी का मै विशेष रूप से कृतज्ञ हूँ जिनके सद्प्रयासो एव उदात्त व्यवहार के कारण ही शोधकार्य सम्पन्न हो सका।

विभाग के ही डा० ए०पी० ओझा, डा० जी०के० राय, डा० बी०बी० मिश्र, डा० एच०एन० दूबे, डा० जे०एन० पाण्डेय, डा० जे०एन० पाल, डा० ओ०पी० श्रीवास्तव, डा० अनामिका राय, डा० हर्ष कुमार, डा० गीता देवी, डा० पुष्पा तिवारी

डा० एस०के० राय एव सभी गुरुजनो का मै आभारी हूँ जिनसे प्रत्यक्ष परोक्ष सहयोग मुझे शोध करने मे मिला।

विभाग के सभी कर्मचारियो, विशेष रुप से मुन्ने बाबू, अनोखे बाबू एव अरोराजी एव पुस्तकालय सहायक राय साहब का विशेष रुप से आभारी हूँ जिनका अनन्य सहयोग मुझे मिला। मुन्ने बाबू ने जो सहयोग एव स्नेह मुझे दिया। उनके बेटा सम्बोधन से जो स्नेह मिला उसके बदले जितना कृतज्ञता ज्ञापित की जाय कम है।

शीघ्र एव सुन्दर कम्प्यूटर लेजर प्रिटिग एव मधुर व्यवहार के लिए मै खन्ना ब्रदर्स एव उनके सभी कम्प्यूटर सहायको का मै आभारी हूँ।

अत मे अपने सभी इष्ट मित्रो, परिचितो एव गुरुजनो के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने मेरे बारे मे शुभेच्छा की।

यदि मेरे व्यवहार मे, विचार मे, शोध प्रबन्ध मे कोई त्रुटि रह गयी हो तो अपने उदारमना गुरुदेव से क्षमा प्रार्थी हूँ।

सादर,

राघवेन्द्र विक्रम सिह
15 / 12 / 2001

विषय सूची

(1) परमारों की उत्पत्ति और उनका राजनीतिक उत्कर्ष – 1–46

उत्पत्ति

विजये

मानचित्र परमार सम्राज्य

परमार शासको का वश वृक्ष

परमार कालीन अभिलेख

चित्र प्रमुख अभिलेख

(2) परमार कालीन सामाजिक जीवन– 47–86

वर्ण जाति और उप जातियॉ – ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र,

कायस्थ, अन्त्यज

समाज मे स्त्रियो का स्थान, शिक्षा, विवाह, दहेज, सतीप्रथा,

बहुविवाह, उत्तराधिकार, विधवा विवाह,

देवदासियॉ एव गणिकाये,

वस्त्राभूषण

खानपान, परिधान एव मनोरजन

(3) परमारकालीन धार्मिक जीवन– 87–142

वैदिक धर्म – शैव, शाक्त, सौर एव वैष्णव

– जैन, बौद्ध धर्म

परमार शासको की धार्मिक नीति

धार्मिक सहिष्णुता

राज्याश्रय

व्रत त्योहार एव उत्सव

(4) **शिक्षा साहित्य एवं कला –** **143–200**

शिक्षा - अर्थ एवं उद्देश्य प्रारम्भिक एवं उच्च शिक्षा

शिक्षा के विषय, शिक्षण संस्थाएं

स्त्री शिक्षा

साहित्य – काव्य रचना, प्रशस्ति एव अभिलेख रचना

कवि एव लेखको को राज्याश्रय, शास्त्रार्थ एव गोष्ठियॉ

तत्कालीन रचनाए

कला – वास्तुकला, मूर्तिकला

(5) **परमार कालीन आर्थिक जीवन–** **201–247**

कृषि सिचाई व्यवस्था, व्यापारिक वस्तुए एव व्यापार प्राणाली

स्थानीय उद्योग – काष्ठ उद्योग, वस्त्र उद्योग, धातु एव रत्न उद्योग

शिल्प व्यवसाय एव कराधान

उपसहार– **248–254**

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची– **255–264**

शब्द सक्षेप (ABBREVIATION) **265–269**

———

अध्याय–1

परमारों की उत्पत्ति

परमारों की उत्पत्ति

परमार राजवश भारत वर्ष के अतिम हिन्दू राजवशो मे आदरणीय स्थान रखता है जिन्होने मालवा या अवन्ति सहित गुजरात राजस्थान के दक्षिणी भू–भाग पर अधिकार स्थापित कर पूर्व मध्य कालीन भारत को गौरवान्वित किया। इस राजवश ने राष्ट्रकूटो के भृत्यु के रूप मे अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत करते हुए दशवी शताब्दी के मध्य तक भारत के हृदय मध्य प्रदेश मे सदृढ राजवश की नीव डाली जो गोदावरी के उत्तर से होते हुए बेतवा नदी के पूर्व और चम्बल नदी के पश्चिमी भू–भाग पर दृढता से स्थापित था। इस राजवश ने भारत के राजनैतिक और सास्कृतिक इतिहास मे उल्लेखनीय योगदान दिया। इस राजवश ने चौदहवी शताब्दी के आरम्भिक वर्षों तक भारत के समृद्ध इतिहास को लगभग 400 वर्षों तक तब तक गौरवान्वित किया जब तक कि यह राज्य मुस्लिम आक्रमणकारियो द्वारा छिन्न–भिन्न नही कर दिया गया। साहित्य के क्षेत्र मे इस राजवश का योगदान भारत के किसी राजवश से कम नही था अपितु श्रेष्ठ था।

परमारो की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे तत्कालीन साहित्य एव अभिलेख परमारो की अग्निकुल की उत्पत्ति का उल्लेख करते है। परमार वश के सातवे दरबारी कवि पद्मगुप्त परिमल ने अपने ग्रथ नवसहसाकचरित (महाकाव्य) ने परमारो की उत्पत्ति अर्बुदाचल पर्वत से जोडी है। जिसके अनुसार, "इक्ष्वाकुकुल के पुरोहित वशिष्ठ की कामधेनु विश्वामित्र ने वैसे ही चुरा ली जैसे पहले कार्तवीर्य ने जमदग्नि की गाय का अपहरण कर लिया था। दुखी अरून्धती के आसुओ ने वशिष्ठ ऋषि की क्रोधाग्नि प्रज्ज्वलित कर दी। उनकी यज्ञाग्नि मे फेकी हुई आहुति से हाथ मे तीर धनुष लिए स्वर्ण कवच धारण किये एक ऐसा वीर पुरूष उत्पन्न हुआ जिसने बल पूर्वक कामधेनु विश्वामित्र से छीनकर वशिष्ठ के हवाले कर दी। उस कृतज्ञ ऋषि ने उसे

परमार (शत्रु का मारक) कहा और उसे पृथ्वी के शासन की शक्ति दी। प्राचीन मनु की तुलना वाले उस वीर से एक वश परमार चला जिसने पुण्यात्मा राजाओ से बडी प्रतिष्ठा प्राप्त की।।[1]

इस कथा का उल्लेख पद्मगुप्त के समकालिक एव कनिष्ठ "धनपाल ने अपनी कृति मे किया एव परमारो की अग्नि कुल उत्पत्ति का समर्थन किया है।[2]

वशिष्ठ विश्वामित्र के प्रतीत से ब्रह्मबल (तपस) और क्षत्रबल (राजस् अथवा पशुबल) के बीच शक्तिप्रदर्शन की अनेक कथाये वैदिक साहित्य, रामायण, महाभारत और पुराणो मे मिलती है।[3] ऐसा प्रतीत होता है कि पद्मगुप्त ने इन कथाओ को अपने महाकाव्य मे स्थानान्तरित मात्र कर दिया। किन्तु पूर्ववर्ती कथाओ मे शक पहलव और यवन आदि विदेशी जातियो के भी किसी न किसी ओर से भाग लेने के उल्लेख मिलते है। पद्मगुप्त द्वारा वैसा कोई उल्लेख न करना स्पष्ट करता है कि पद्मगुप्त परमारो को विदेशी नही मानता था।[4] मनुस्मृति मे स्पष्टत उल्लेख है कि "विदेशियो को भारतीय समाज मे मिलाकर निम्न पद ही दिये गये और उनके लिए धर्मशास्त्रकारो ने व्रात्य धर्म का सिद्धात प्रतिपादित किया।[5]

मनुस्मृति के उपरोक्त दृष्टात से एक बात स्वय सिद्ध हो जाती है कि परमार प्राचीन क्षत्रिय वशीय है जो मूलरूप से भारतीय है।

राजपूताना की चारण कथाओ मे भी अधिकाश्त परमारो की अग्नि कुड उत्पत्ति को स्वीकार किया गया है। एक चारण ने लिखा है– "एक बार इन्द्र ने पूर्वाघास की एक मूर्ति बनाकर उस पर अमृत छिडककर उसे अग्निकुड मे फेका और सजीवन मत्र जपा जिससे अग्नि शिखाओ मे से एक गदाधारी मूर्ति मर–मर (मारो–मारो) कहती हुई उद्भुत हुई। उसका नाम परमार (शत्रु–सहारक) रखा गया और उत्तराधिकार के रूप मे उसे आबू धार, उज्जैन प्रदेश दिये गये।[6]

खीची चौहान के चारण मूकजी के अनुसार, "सोलकी की उत्पत्ति ब्रह्मतत्व से हुई और उसकी चालुकराव की उपाधि दी गयी। प्वार (परमार) का आविर्भाव शिवतत्व से हुआ और परिमार का देवी तत्व से। मनोनीत वश चौहान अग्निशिखा से उद्भुत हुआ और वह आबू छोड अभाई के लिए प्रस्थान कर भ्रमण करता रहा।"[7]

इन चारण कथाओ का समर्थन समकालीन अभिलेखो या अन्य किन्ही साक्ष्यो से नही होता है। अत इन चारण कथाओ को परमार राजवश की उत्पत्ति सबधी किसी साक्ष्य के रूप मे ग्रहण नही किया जा सकता।

परमारो की अग्नि उत्पत्ति को स्वीकार करते हुए आइने अकबरी के लेखक ने एक भिन्न कहानी बतायी है, "कहा जाता है कि देवी सवत् के चालीसवे वर्ष के लगभग 2350 वर्ष पूर्व (ईसवी पूर्व 761) महावाह नामक ऋषि ने एक अग्नि मदिर मे प्रथम शिखा प्रज्वलित की और धार्मिक कर्म करने मे व्यस्त हुए। ममुक्ष उस मन्दिर मे आहुतिया देते थे और पूजा के उस रूप के प्रति अति आकर्षित थे। इससे बौद्धो को आशका हुई और वे सासारिक प्रभु के पास जाकर उसके द्वारा इस पूजा रूप को समाप्त कराने मे सफल हुए। इससे लोग बहुत व्यथित हुए और उन्होने ईश्वर से एक वीर उत्पन्न करने की प्रार्थना की जो उनकी सहायता करने और व्यथा दूर करने मे सक्षम हो। सर्वोच्च न्यायमूर्ति ने इस अग्नि मन्दिर से सर्वसैनिक गुणोपेत एक मानव आकृति उत्पन्न की। इस बीर योद्धा ने अपने बाहुबल से अग्निपूजा रूपी शाति पूर्ण कृत्य की समस्त अडचनो को थोडे ही समय मे दूर कर दिया। उसने धजी नाम ग्रहण कर और अपने स्थान दक्षिण से आकर मालवा का सिहासन ग्रहण किया। इस वश की पाचवी सतति पुत्राज था किन्तु वह नि सतान था। उसकी मृत्यु होने पर सामतो ने आदित्य पोवार का उसका उत्तराधिकारी चुना। उसके बाद उसका वश परमार राजवश कहलाया।[8]

आइने अकबरी के इस कथन की कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि नही है कि परमारो का सस्थापक धजी अथवा धनजय अपने मूल स्थान दक्षिण से मालवा आया। वास्तव मे धनजय नामक कोई व्यक्ति परमार अभिलेखो अथवा उनसे सम्बद्ध अन्य साक्ष्यो मे ज्ञात ही नही है।

गौरी शकर हीराचन्द ओझा ने परमार वश की अग्निवशीय उत्पत्ति के सम्बन्ध मे एक अन्य मत व्यक्त किया कि, "परमारो के अभिलेखो मे उनका अग्निवशी होना कदाचित इसलिए प्रचलित हो गया कि किन्ही किन्ही अभिलेखो मे उनके प्रथम पूर्वज का नाम धूमराज मिलता है।[9]

किन्तु उपरोक्त तर्क इस कारण मान्य नही हो सका कि "धूमराज के परमार राजवश के प्रथम पूर्वज होने का उल्लेख अपेक्षाकृत बहुत बाद के अभिलेखो मे हुआ है और उनसे बहुत पूर्व के अभिलेखो तथा नव सहसाक चरित मे उनका सम्बन्ध आबू के अग्निकुण्ड से जोडा चुका था।[10]

परमार राजवश की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे डी0सी0 गागुली ने "सीयक II के सवत 1005 विक्रमी सन् 948 ई0 के हर्षोल अभिलेख के आधार पर परमारो को मान्यखेट के राष्ट्रकूटो से जोडा"[11] उनके मत मे परमारो का राष्ट्रकूट होना इस बात से प्रमाणित है कि वाक्पति मुज ने अमोधवर्ष श्री वल्लभ और पृथ्वीवल्लभ जैसी राष्ट्रकृत आधिया धारण की। वे परम्परो का मूल स्थान दक्षिण मे कही होने का प्रमाण अबुल फजल की आइने अकबरी से देते है जिसमे कहा गया है कि परमार वश का सस्थापक धजी (धनजय) दक्षिण से अपनी राजधानी बदलकर मालव का अधीश्वर बना।

हर्षोल अभिलेख के अनुसार –

"परम भट्टारक महाराजाधिराज–परमेश्वर–श्रीमद्– अमोधवर्ष –देव – पादानुध्यात् – परम – भट्टारक – महाराजधिराज – परमेश्वर – श्रीमद् – अकाल वर्ष – देव–पृथ्वी–वल्लभ – श्री वल्लभ नरेन्द्र पादानाम्

तस्मिन कुले कल्भष मोक्ष दक्षे । जात प्रतापाग्नि

× × × × × ×

नृप श्री सीआकस् तस्मात् कुल – कल्प हुयो भवत् ।[12]

सक्षेप मे इसका तात्पर्य यह है –

परम भट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर अकालवर्ष देव पृथ्वी वल्लभ ने परम भट्टारक महाराजधिराज परमेश्वर अमोध वर्ष देव के चरणो मे ध्यान किया। उस सम्राट के विख्यात कुल मे नृप वप्पैराज उत्पन्न हुआ जो अपराध को दूर करने मे दक्ष था और जिसने अपनी प्रतापग्नि से शत्रुओ को जलाया। उसका पुत्र और उत्तराधिकारी वैरि सिह था। उसका उत्तराधिकारी सीयक था जो रण मे एक वीर योद्धा था।

डी0सी0 गागुली ने सीयक द्वितीय के स0 1005 सन् 948ई0 के हर्सोल अभिलेख के आधार पर उन्हे मान्यखेट के राष्ट्र कूटो से जोडा। उसके मत मे परमारो का राष्ट्रकूट होना इस बात का प्रमाणिक है कि वाक्पति मुज ने अमोधवर्ष श्री वल्लभ, पृथ्वी वल्लभ जैसी राष्ट्रकूट उपाधिया धारण किया। वे परमारो का मूल स्थान दक्षिण मे कही होने का प्रमाण अबुल फजल की आइने अकबरी से देते है। जिसमे कहा गया है कि परमार वश का सस्थापक धंजी (धनजय) दक्षिण से अपनी राजधानी बदल कर मालव का अधीश्वर बना।[13] पुन वे यह मानते है कि मालवा मे परमार राज्य की (उपेन्द्र कृष्णराज) की स्थापना गोविन्द तृतीय के भृत्यु के रूप मे हुई।

किन्तु डी0सी0 गागुली के मत मे अनेक भ्रातिया है – "हर्षोल के जिस अभिलेख के आधार पर वे परमारो को राष्ट्रकूट वश का होना स्वीकार करते है उसकी सम्पूर्णता के सबध मे ही विद्वानो का सदेह है।[14] इस प्रकार किसी अभिलेख के खण्डित पाठ के आधार पर कोई निष्कर्ष निकालना समीचीन नही होगा।

अपने उक्त मत की भ्रातियो के बारे मे गागुली को भी ध्यान था। वह यह कि यदि परमार राष्ट्रकूट वश के थे तो उन्होने अन्य छोटे राष्ट्रकूट वशो की तरह इस तथ्य का कही उल्लेख क्यो नही किया। इसके उत्तर मे वे स्वय कहते है कि, "उस समय कि चक्रवर्ती शासक वशो मे सामान्य रीति यह थी कि वे अपनी उत्पत्ति कुछ पौराणिक वीरो से जोडते थे और उनके नाम पर अपने राजवशो का नाम रखते थे।[15] इस सम्बन्ध मे वे प्रतिहारो का उदाहरण देते है जो अपना सम्बन्ध रघुवशी लक्ष्मण से जोडते है। किन्तु उनका यह तर्क इस कारण बडा सारहीन प्रतीत होता है कि प्रतिहारो कलचुरियो तथा चन्देलो के मान्य पूर्व पुरूष लक्ष्मण पुरूरवा अथवा चन्द्रात्रेय तो पौराणिक पुरूष थे किन्तु परमारो के आदि पूर्वज (परमार) का पौराणिक साहित्य मे कही भी उल्लेख नही है।"

इस सम्बन्ध मे उनका यह कथन भी मान्य नही है कि चक्रवर्ती शासक वश अपने को वास्तविक पूर्वजो से न जोडकर पौराणिक वीरो से जोडते थे। कल्याणी के चालुक्य चक्रवर्ती शासक थे किन्तु बादामी के चालुक्यो से अपना सम्बन्ध जोडते हुए वे गौरव का अनुभव करते थे।[16] इस अभिलेख के सम्पादक को उसके प्रस्तावित अशो मे राष्ट्रकूट नामो के होने के कारण यह बताया गया कि परमार मातृपक्ष से राष्ट्रकूटो से जुडे हुए थे और जैसे कुछ वाकाटक अभिलेखो के आरम्भ मे गुप्त सम्राटो के भी उल्लेख किये गये है वैसे ही परमारो ने भी अमोधवर्ष और अकाल वर्ष के नामो से अपना उल्लेख आरम्भ किया। हर्सोल के जिस अभिलेख के आधार पर उक्त विवरण प्रस्तुत किया गया है। उसकी पूर्णता के बारे मे ही विद्वानो को सदेह है अत गागुली का मान्यता की पुष्टि करना असगत होगा।

आइने अकबरी के इस कथन की कोई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि नही है कि परमारो का मूल स्थान दक्षिण था। मूल शासक धजी अथवा

धनजय दक्षिण से मालवा आया। वास्तव मे धनजय नामका कोई व्यक्ति परमार अभिलेखो अथवा उनसे सम्बद्ध अन्य साक्ष्यो मे ज्ञात ही नही है।[17]

"हर्सोल पट्ट मूलत राष्ट्रकूटो का था, जिसे सीयक द्वितीय राष्ट्रकूट रनिवास की लूट मे पाया था तथा उसके प्रारम्भिक भागो (लेख) को बिना हटाये उसी स्थान पर अपना लेख प्रकाशित किया। इस प्रकार एक मिश्रित दानपत्र मिलता है जो ऊपर से राष्ट्रकूट आलेख्य के रूप मे प्रारम्भ होता है किन्तु सीयक द्वितीय के आलेख्य के रूप मे अत होता है। सीयक द्वितीय का पुत्र वाक्पति द्वितीय एक पग और आगे गया उसे गाओन्नरी पट्ट जो मूलत एक राष्ट्रकूट अभिलेख था। उस उसने मिटा ही नही दिया अपितु पृथ्वीवल्लभ श्री वल्लभ अमोघवर्ष जैसी राष्ट्रकूट उपाधिया भी धारण कर ली।"[18]

इस प्रकार हर्सोल के जिस अभिलेख के आधार पर डी0सी0 गागुली आदि विद्वान परमारो को राष्ट्रकूट वश का सिद्ध करने का प्रयास कर रहे है वह न केवल हर्सोल अभिलेख की पूर्णता ही सदिग्ध सिद्ध होती है अपितु यह भी सिद्ध होता है कि हर्सोल का अभिलेख परमार अभिलेख न होकर मूलत एक राष्ट्रकूट अभिलेख था।

उदयादित्य परमार वश के 11वे शासक है जो भोज प्रथम के उत्तराधिकारी जय सिह प्रथम के उत्तराधिकारी है इनके शासन काल की उदयपुर प्रशस्ति धारा के परमार वश का प्राचीनतम ज्ञात शिलालेख है जिसमे इस वश की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे जो मान्यता दी गयी है वह इस प्रकार है– "ज्ञानियो को इप्सित पुरस्कार देने वाला अर्बुद नामक पर्वत जो हिमालय का एक पुत्र है, पश्चिम मे है जहा सिद्धो को पूर्ण समाधि होती है। वहॉ विश्वामित्र ने बलात वशिष्ठ से उसकी धेनु छीनी। वशिष्ठ के बल से अग्निकुण्ड से एक बीर का उद्भव हुआ जिसने शत्रु सेना का सहार किया। शत्रुओ का वध करने के बाद जब वह धेनु ले आया तब ऋषि बोले तुम परमार नाम से (राजाओ) के अधिपति होगे।"

उदयपुर प्रशस्ति एव नव सहसाक चरित की अग्निकुण्ड से परमार राजवश की उत्पत्ति सबधी मान्यता अनेक अभिलेखो से प्राप्त होती है। इस वश के प्राचीनतम् अभिलेखो मे से एक पूर्णपाल का वसतगढ शिलालेख है जिसका कथन है कि "वशिष्ठ के क्रोध से एक वीर पैदा हुआ जिससे परमार वश की उत्पत्ति हुई।"[19]

महान वीर परमार की अग्नि उत्पत्ति की कथा वर्णन करते हुए आबू पर्वत से प्राप्त एक शिलालेख बतलाता है कि 'वीर परमार के वशजो मे एक कन्हाड था जिसके परिवार मे आबू पर्वत के चन्द्रावती नगरी का राजा धुध उत्पन्न हुआ। धुध का तादाम्य बसतगढ शिलालेख के पूर्णपाल के पिता से किया जा सकता है।[20]

बसतगढ शिलालेख के अनुसार आबू पर्वत के परमार शासका के वशजो मे कन्हाड नामक किसी राजा का नाम नही है अत यह सभाव्य प्रतीत होता है कि वह उत्पल राज के पूर्व हुआ। गागुली का मत है कि कन्हाड और कृष्णराज नाम पर्याय वाची है।[21]

आबू पर्वत शिलालेख तिथ्याकित विक्रम सवत 1287 मे एक स्थान पर सोमसिह के पुत्र और उत्तराधिकारी का नाम कन्हाड दिया हुआ है और दूसरे स्थान पर कृष्णराज।[22]

वाक्पतिमुज के उज्जैन पट्ट मे इस वश के प्राचीनतम् शासक का नाम कृष्णराज दिया हुआ है।[23]

वाक्पतिमुज के उज्जैन पट्ट मे इस वश के प्राचीनतम् शासक का नाम कृष्णराज दिया हुआ।[24] जिसका तादात्म्य समस्त आधुनिक विद्वान ने उपेन्द्र से किया है जो मालव मे इस वश के अधिपत्य का सस्थापक था।[25]

प्राचीन अभिलेखो मे आबू पर्वत शिलालेख के कल्हाड की तरह उपेन्द्र का वीर परमार वश मे उत्पन्न होने तथा वश के प्रथम राजा के रूप मे वर्णन के कन्हाड का तादात्म्य वाक्पति मुज के उज्जैन दान पत्र के कृष्णराज से है।[26]

अपने ग्रथ मे सी0वी0 वैद्य ने परमारो का मूल स्थान आबू पूर्वत से माना है और कहा कि आबू पर्वत से वे मालवा आये जहा उन्होने एक स्वतत्र साम्राज्य खडा किया।[27]

गौरी शकर हीराचन्द ओझा ने भी सी0वी0 वैद्य के मत का समर्थन किया है।[28]

इस राजवश की उत्पत्ति के विषय मे पौराणिक स्रोतो से जो जानकारी उपलब्ध होती है वह भी परमारो की अग्निकुल उत्पत्ति की जानकारी देती है। अभिलेखो के माध्यम से जिनमे मुख्यत उदयपुर प्रशस्ति, नागपुर, शिलालेख, पूर्णपाल की बसतगढ अभिलेख तिथ्याकित 1042ई0, आबू पर्वत शिलालेख प्रथम एव द्वितीय, परमार चामुडाराज का अर्थुना शिलालेख, पाट–नारायण शिलालेख आब् पर्वत शिलालेख मुख्य है आदि शिलालेख परमारो की अग्नि कुल उत्पत्ति का वर्णन करते है।

हर्सोल के जिस अभिलेख को आधार मानकर गागुली अपने उपरोक्त मत को बल प्रदान करते है वह न केवल अपूर्ण है बल्कि हर्सोल अभिलेख मूलत राष्ट्रकूट अभिलेख है जिस पर सीयक द्वितीय ने अपने आलेख्य के रूप मे प्रकाशित करा दिया।[29] इस प्रकार डा0 गागुली की आपत्ति स्वत निरस्त हो जाती है।

आइने अकबरी के लेखक ने भी परमारो की उत्पत्ति अग्नि कुड से होने का स्वीकार करते है हालाकि इसमे ने अनुश्रुतियो को स्थान देते है किन्तु अग्निकुल उत्पत्ति की बात स्वीकार करते है।

अथर्ववेद मत्स्य पुराण जैसे पौराणिक ग्रथ भी परमारो की अग्निकुड या अग्निकुल उत्पत्ति स्वीकार करते है जिनका वर्णन पूर्व मे किया जा चुका है। सबसे प्रमुख बात यह है कि ये सभी साधन अभिलेख वेद पौराणिक–ग्रथ इतिहासकार) परमारो की उत्पत्ति आबू के पर्वतीय क्षेत्रो और वशिष्ठ ऋषि से जोडते है। परमार अपना गोत्र सम्बन्ध वशिष्ठ से जोडते है।

परमारो के मूल को उद्घाटित करने वाले महत्वपूर्ण साक्ष्य है हलायुध की पिगलसूत्रवत्ति जिसका लेखक अपने आश्रयदाता वाक्पति मुज को व्रह्मक्षत्रकुलीन कहता है।[30] इसकी परिभाषा देते हुए मत्स्यपुराण स्पष्ट कहता है,[31] "ब्रह्मक्षत्र की योनि जाति कलियुग मे राजाओ की क्षेमकारी सस्था बनकर देवर्षियो द्वारा सत्कृतवश होगी"।[32] पुराणो और महाकाव्यो मे ब्रह्मबल और क्षत्रबल की परस्पर प्रतियोगिता के अनेक कथानक आते है किन्तु आदर्श यह माना गया है कि लोक कल्याण के लिए वे दोनो ही साथ–साथ काम करे।

क्षत्र के प्रतीक विश्वामित्र से लडने के लिए ब्रह्म के प्रतीक वशिष्ठ की परमार रूपी जो शक्ति तैयार हुई वही ब्रह्मक्षत्र थी जो आगे चलकर राजत्व ग्रहण कर क्षत्रिय बन गई। परमार अपने गोत्रोच्चार मे स्वय को वशिष्ठ गोत्री मानते है जो वशिष्ठ से उनके मूल सबध का द्योतक है। अत परमारो को मूलत वशिष्ठ गोत्री क्षत्रिय स्वीकार करना चाहिए।[33] "उपेन्द्रराजो द्विजवर्ग्गरत्न शैर्याजितोत्तुग्नृपत्वमाण"।[34]

सी0वी0 वैद्य ने इगित किया है कि 'ब्रह्मक्षत्र शब्द का प्रयोग उन क्षत्रियो के सबध मे किया जाता था जो ब्रह्मगुण से युक्त थे अर्थात जिनका सम्बन्ध वैदिक ऋषियो से था।

परमार उपेन्द्र के मालव सिहासनरोहण की तिथि अब निश्चित की जा चुकी है। परमार उपेन्द्र का वशज वाक्पति मुज तो सातवा नृप था। 971 और 972 ई0 के बीच सिहासनरूढ हुआ। यदि प्रत्येक नृप के लिए

सामान्यत 25 वर्ष की अवधि निश्चित की जाय तो उपेन्द्र का राज्यारोहण नवी शताब्दी के प्रथम चरण मे होना माना जायेगा।[35] ऐसा ही मानना इतिहासकार बुल्हर का भी है – उपेन्द्र मालव सिहासन पर 808ई के कुछ पश्चात् गद्दी पर बैठा।[36]

सामान्यतया यह स्वीकार किया जाता है कि प्रतिहार वश की पराजय के बाद सन् 808 और सन् 812 ई0 के बीच के वर्षो मे प्रशासन का भार एक नये शासक माण्डलिक ने ग्रहण किया। इसका उपेन्द्र के जीवनकाल की अवधि मे तादात्म्य बैठता है। किसी निश्चित साक्ष्य के अभाव मे उपरोक्त तथ्य उस माण्डलिक से उपेन्द्र के तादात्म्य के पक्ष मे है। जिसको गोविन्द तृतीय ने मालव प्रदेश पर शासन करने के लिए नियुक्त किया था। सम्भवत वह राष्ट्रकूट सेना के उत्तरी प्रयाण मे साथ था और उसकी मूल्यवान सामरिक सेवा के बदले मे उसको यह पद सौपा गया था।[37]

उदयपुर प्रशस्ति का कथन है कि "परमार उपेन्द्र ने अपने शौर्य से राजपद प्राप्त किया था।[38]

उपेन्द्र के बाद परमार राजाओ की एक वशावली चली जिसने लगभग 500 वर्षो तक शासन किया उस समय तक जब तक कि यह राजवश मुसलमानो द्वारा अतिम रूप से पराजित नही कर दिया गया।

मालवा के परमारो के अलावा इनके चार और शाखा वश थे आबू शाखा, बागड शाखा, जालौर शाखा, और भिनमाल शाखा। जिनका आधिपत्य क्रमश आबू पर्वत बासवाडा राजपूताना के जोधपुर राज्य और भिनमाल के क्षेत्रो पर था।

चामुण्डराज के अर्थुनाशिलालेख तिथ्याकित 1080 ई0 तथा माण्डलिक के शिनेहरा शिलालेख तिथ्याकित 1059 ई0[39] से बागड या वासवारा के परमारवश के इतिहास का पता चलता है। इस वश की उत्पत्ति

वीर परमार से रेखाकित की जाती है जो आबू पर्वत के अग्निकुड से उत्पन्न हुआ था। इस वीर के वश मे वैरिसिह पैदा हुआ जिसका छोटा भाई डम्बर सिह था। उपरोक्त अतिम राजकुमार के वश मे कक्कदेव नाम का एक राजा था जिसके बाद युवराजो की एक लम्बी वशावली चली। डा0 बार्नेट और डी0सी0 गागुली दोनो ही इस बात से सहमत है कि वैरि सिह का उपेन्द्र कृष्णराज के पुत्र और उत्तराधिकारी वैरि सिह प्रथम से तादात्म्य है । अत इससे यह प्रमाणित होता है कि यह परमारवश धारा के मुख्य वश का एक सपिण्ड शाखा था जो नवी शताब्दी ईसवी के मध्य बासवारा से बसा।

पूर्णपाल का बसतगढ अभिलेख परमार वश का प्राचीनतम् ज्ञात अभिलेख है जिससे प्रमाणित होता है कि आबू पर्वत पर एक परमार वश ने बहुत समय तक राज्य किया तो राजपूताना मे आधुनिक सिरोही के पास है। बसतगढ अभिलेख का समर्थन अनेको अभिलेखो ने किया है। उक्त अभिलेख का कथन है कि "वशिष्ठ के क्रोध से एक बीर पैदा हुआ जिससे परमार वश की उत्पत्ति हुई।"[40]

महान वीर परमार की अग्नि उत्पत्ति की कथा वर्णन करते हुए आबू पर्वत[41] से प्राप्त एक शिलालेख बताता है कि 'बीर परमार के वशजो मे एक कन्हाड था जिसके परिवार मे आबू पर्वत के चन्द्रावती नगरी का राजा घघु उत्पन्न हुआ। घघु का तादात्म्य बसतगढ शिलालेख के पूर्णपाल के पिता से किया जा सकता है। डी0सी0 गागुली का यह मत है कि कन्हाड और कृष्णराज नाम पर्यायवाची है।[42] उन्होने इसका आधार यह माना है कि आबू पर्वत के वि0स0 1287 के दो तिथ्याकित शिलालेखो मे एक स्थान पर सोमसिह के पुत्र और उत्तराधिकारी का नाम एक स्थान पर कन्हाड दिया हुआ है और दूसरे स्थान पर कृष्णराज।

समस्त आधुनिक विद्वानो ने[43] वाक्पति मुज के उज्जैन दानपट्ट वर्णित इस वश के प्राचीनतम् शासक कृष्णराज का तादात्म्य उपेन्द्र

से किया है जो मालव मे परमार वश का सस्थापक था।

जालौर से प्राप्त एक शिलालेख तिथ्याकित वि0स0 1174 सन् 1117 ई0 से जालौर शाखा के परमारो की जानकारी प्राप्त होती है। इस अभिलेख की वशावली वाक्पतिराज से आरभ की गई है जिसका पुत्र चन्दन था। चन्दन प्रत्यक्ष दशवी शती ईसवी के अतिम चरण मे जीवित था जो वाक्पति मुज के शासनकाल (973–996 ई0 की भी अवधि थी।[44] डा0 गागुली एव डा0 भण्डारकर के अनुसार जालौर शिलालेख का वाक्पति स्पष्ट रूप से धारा वाक्पति मुज था[45] ।

भिनमाल शाखा के बारे मे मुख्य जानकारी केराडु के एक मदिर की दीवाल के एक उत्कीर्ण लेख से प्राप्त होती है। (यह अभिलेख अप्रकाशित है) जिसकी तिथि वि0 स0 1218 सन् 1161 ई0 है। इसमे सिधुराज का वर्णन इस वश के प्राचीनतम् पूर्वज के रूप मे किया गया है जिसका पुत्र और उत्तराधिकारी दसल था। इस सिन्धुराज का तदात्म्य सभवत वाक्पति मुज के कनिष्ठ भ्राता और उत्तराधिकारी से किया जा सकता है। यह प्रमाणित है कि वाक्पति मुज अपनी सामरिक अभियान यात्रा मे एकबार मारवाड प्रदेश तक गया था। सभव है उसी अवधि मे धारा के चक्रवर्ती वश के उपराजाओ के रूप मे चन्दन और दूसल जालौर और भीनमाल मे यथाक्रम नियुक्त किये गये हो।

उपरोक्त विवेचन एव साक्ष्यो के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि परमारो की उत्पत्ति आबूपर्वत पर अग्निकुण्ड से हुई। परमार अपनी उत्पत्ति का स्रोत ऋषि वशिष्ठ से मानते हुए स्वय को वशिष्ठ गोत्री क्षत्रिय स्वीकार करते है। वशिष्ठ ऋषि से परमारो की उत्पत्ति का तदात्म्य स्वीकार करते हुए पुराणो मे परमारो को व्रह्मक्षत्रिय कहा गया है।

परमारो का राजचिन्ह गरूड था।[46] उत्सवो, विजयो एव अन्य महत्वपूर्ण अवसरो पर ये अपना राज चिन्ह युक्त ध्वज 'गरूड ध्वज' स्थापित

होने का प्रमाण देते है। अधिकाश परमार शासक शैव थे किंतु शाक्र वैष्णव, सौर एव अन्य हिन्दू सम्प्रदायो की उपासना का उल्लेख अभिलेखो मे है जो उनके धर्म सहिष्णु होने का प्रमाण देते है। परमारो का राजचिन्ह सदैव गरूड ही था। जिसका उल्लेख इतिहासकारो द्वारा किया गया है।

परमारो के वशिष्ठ गोत्रीय क्षत्रिय होने का प्रमाण मनुस्मृति, यज्ञवल्वयस्मृति, उदयपुर प्रशास्ति मत्स्यपुराण एव पिगलाचार्य के छन्दशास्त्र एव अन्य समकालीन ग्रथो से मिलता है।

मालवा के अलावा परमारो के चारो प्रमुख वशो बागड शाखा, भिनमाल, आबू और जालौर के परमारो से सम्बधित साक्ष्यो से जो जानकारिया मिलती है उनके अनुसार वाक्पतिराज मुज ने जालौर भिनमाल और आबू पर्वत पर तीन नये अवस्थान बनाकर अपने परिवार के राजकुमारो को वहा के शासक नियुक्त किया। इन सब अवर परिवारो मे से आबू के परमारो की विशिष्ट राजनीतिक सफलताओ के कारण उनका वर्णन प्रथमत किया जाना उचित है।

जिस समय आबू शाखा का प्रभुत्व था वह अर्बुद मण्डल के नाम से विश्यात था।[48] इसका कम से कम विस्तार[49] पूरब मे दिलवारा, दक्षिण मे पालनपुर और उत्तर मे गाद्वा जनपद तक था।[50] पश्चिम की ओर इसकी सीमा पर भिनमाल के परमारो के प्रदेश थे। राजधानी चन्द्रावती थी।[51] जो राजपूताना के सिरोही राज्य के दक्षिण पूरब के समीप बनस नदी के तट पर स्थित था। इस समय यह नगर पूर्ण ध्वसावस्था मे है।'उत्पल का पुत्र अरण्यराज अपने वश का सर्वप्रथम राजकुमार था जो इस प्रदेश का अधीश्वर बना। उसके बाद महान कीर्तिवान अद्‌भुत कृष्णराज सिहासनासीन हुआ। हेमचन्द्र कृत द्वयाश्रयमहाकाव्य[52] वर्णन करता है कि अर्बुद के राजा ने सौराष्ट्र के माण्डलिक ग्रहरिपु के विरूद्ध युद्ध मे गुजरात के चौलुक्य मूलराज

(941–997 ई0) को सहायता दी। हो सकता है कि उपरोक्त आबू का राजकुमार उसका पिता अरण्यराज हो। (धारा के परमारो की वशावली प्रस्तुत अध्याय के अत मे सलग्न है) इस वश का सर्वाधिक प्रतापी शासक धारावर्ष था। बहुत वर्षों तक वह आबू के सिहासन पर आरूढ रहा। उसके शासनकाल के अनेक अभिलेख पाये गये है।

सिरोही राज्य के कयद्र नामक स्थान के मन्दिर के समीप छाजन मे एक शिलालेख पाया गया है जिसमे लिखा है कि सवत् 1220 वि0 ज्येष्ठ पूर्णिमा शनिश्चर को मई 1133 ई0 को महाराजाधिराज महामण्डेश्वरा धारावर्ष देव ने फुलह गाव को करो की छूट दी जिसका स्वामी मन्दिर का भट्टारक देवेश्वर था। मई 1133 ई0 से जनवरी 1217 ई0 तक आबू शाखा के धारावर्ष के सात अभिलेख पाये गये है। जो इस महान योद्धा की उपलब्धियो का उल्लेख करते है। धारा वर्ष स्वय शैव था और उसने अनेक शैव मठो एव मन्दिरो का निर्माण कराया।

धारावर्ष महान योद्धा था और वाणविद्या मे अपनी निपुणता के लिए विख्यात था एक अवसर पर उसने सफलता पूर्वक एक ही वाण से एकमात्र प्रहार से तीन भैसो को भेद दिया। इस निष्यत्ति का उत्सव मनाने के निमित आबू पर्वत पर अचलेश्वर मन्दिर के बाहर मन्दाकिनी सागर के किनारे उसकी एकमूर्ति बनाई गई जिसमे उसके हाथ मे एक धनुष था और उसके सामने तीन भैसे पडे थे जिनके कि पेट फटे थे। यह-मूर्ति अब भी पूर्व स्थिति मे है। राजा के शासन का मत्री कोविदास था।

आबू पर्वत राजपूताना मालवा रेल पथ पर आबू स्टेशन से 17मील उत्तर पश्चिम मे 24^0 36 उत्तर और 72^0 43 पूर्व है। समुद्रतल से यह 4000 फिट ऊँचा है और इसकी चोटी पर लगभग 12 मील लम्बा और लगभग 3 मील चौडा एक पठार है और यह अपने आकर्षक दृष्य के कारण अत्यत मनमोहक है। बनस और मन्दाकिनी नदिया इसमे से होकर बहती है

और 1/2 मील लम्बी ओर 1/4 मील चौडी नखी तालाब मे इस स्थान का सौन्दर्य और बढ गया है। यशोधवल और धारावर्ष का समकालीन हेमचन्द्र लिखता है कि अर्बुद देश मे जिस समय परमारो का शासन था 1800 ग्राम थे किन्तु अब तक ज्ञात तत्कालीन अभिलेखो से केवल 40 ग्रामो आर 3 नगरो चन्द्रावती, प्रहलादनुपुर और पटपुर का उल्लेख[53] मिलता है। इन ग्रामो के निवासी या तो हिन्दू धर्म को मानते थे या जैन धर्म को। आबू शाखा के परमार राजकुमारो की राजधानी चन्द्रावती एक बहुत महत्वपूर्ण नगर था पूर्व मे पहाडियो से दक्षिण मे शिववनन नदी से और उत्तर पश्चिम मे बनस नदी से घिरा है। प्राचीन काल मे इस नगर मे असख्यो बडे–बडे भव्य मन्दिर थे जो इस समय पूर्ण ध्वसावस्था मे है। यहा पूर्ण सुरक्षित अवस्थाये है। यह पूरा का पूरा श्वेत सगमरमर का बना वैदिक धर्मी वास्तुकला का सर्वोष्कृष्ट नमूना है। यह प्रचुर मात्रा मे अलकृत और इसके रूपाक ललित है। इनमे 138 मूर्तिया है जिनमे से सबसे छोटी गवाक्षो मे रखी है।

आबू पर्वत के बारे मे सोमेश्वर ने लिखा है, "यहा यह अर्बुद है जो पर्वत श्रेणी की एक चोटी है ओर गौरी पति के श्वसुर अर्थात् पर्वत का पुत्र है। मेघो से गथित यह अपने शीर्ष पर मन्दाकिनी को लिये हुए है और इस तरह से चद्रेश्वर अपेन भवनापति का वेश धारण किये हुए है (जिस तरह से शिव अपने जूट शीर्ष पर गगा को लिये हुए है)[54]

हेम चन्द्र का कथन है कि आबू पर्वत सस्कृत विधा का एक केन्द्र था जहा पर भारत के विभिन्न भागो से विद्वान अध्ययननार्थ आते थे। युवराज प्रहलादन एक महान कवि था और उसने 'यार्थपराक्रम' नामक एक नाटक की रचना की।

बागड शाखा वर्तमान बासवाडा और डूगरपुर राज्य राजपूताना के दक्षिणी सीमा पर स्थिति है। प्राचीन काल मे इन दोनो प्रदेशो को एक ही नाम था बागड।[55] वर्तमान अर्थुज्ञा ग्राम मे जो बासवाडा से 28 मील दूर पश्चिम मे है

एक प्राचीन नगर के भग्नावशेष तथा लगभग एक दर्जन हिन्दू और जैन मन्दिरो के अवशेष विस्तृत मिलते है। स्थानीय अनुश्रुति के अनुसार इसका प्राचीन नाम अमरावती था और प्रत्यक्षत यही बागड शाखा परमारो की राजधानी थी। बागड के परमार राजकुमार उपेन्द्र कष्णराज के छोटे पुत्र डम्बर सिह के बशज थे।[56]

इस वश का प्राचीनतम् ज्ञात शासक धनिक[57] है जिसका समय दशवी सती ई0 के मध्य मे है। उसने महाकाल के मन्दिर के समीप उज्जैन मे धनेश्वर का मदिर बनवाया[58] था। उसका उत्तराधिकारी चच्च या कवक का कक मालवा थे सीयक हर्ष का समकालीन तथा एक वीर योद्धा था। मान्यखेट के राष्ट्रकूट खोट्टिग के विरूद्ध किये गये अभियान मे वह सीयक की सेनाओ के साथ गया था। चच्च के बाद चडप और चडप के बाद सत्यराज सिहसनारूढ हुआ। सत्यराज भोज का समकालीन था ओर परमार भोज की ओरे से गजरात के चालुक्यो के विरूद्ध लडा था।[59] गुर्जरो पर उसकी विजय का वर्णन पन्हेर अभिलेख मे है। उसने राजश्री नामक चाहमान राज कुमारी से विवाह किया जिससे लिम्बराज और मण्न्न या मण्डलीक नामक दो पुत्र हुए जो क्रमश उसके बाद सिहासन पर बैठे। मण्डलीय मालवा के राजा जय सिह 1059 ई0 का सामन्त था। वह एक महान योद्धा था। मण्डलीक के बाद उसका पुत्र चामुण्डराज सिहासन पर बैठा। उसके चार अभिलेखो का पता चलता है। विजय राज इस शाखा का अतिम ज्ञात शासन था जो (110–1175 ई0) तक था।[60]

जालौर शाखा – वाक्यतिराज से इस वश शाखा का आरम्भ होता है जिनका पुत्र चन्दन इस शाखा का प्रथम युवराज है। उसके बाद देवराज, अपराजित, विज्जल, धारावर्ष और बीसल हुए। वीसल के शासन काल का एक अभिलेख जालौर मे "तोपखाना" नामक भवन मे पाया गया है। बीएल की राज्ञी मल्लर देवी सिधुराजेश्वर के मन्दिर मे स्वण्र्र कलश की

स्थापना के अवसर पर स0 1174 विक्रमी सन् 1117 ई0 मे एक अभिलेख उत्कीर्ण कराया गया था। वीसल के उत्तराधिकारियो के बारे मे कुछ ज्ञात नही है।

भिन्नमाल शाखा – परमावश की भिन्नमाल शखा ने इस काल के इतिहास मे प्रचुर योगदान दिया। इस वश के राजाओ ने मरूमण्डल की उपाधि धारण की पश्चिम मे बालमेर (जोधपुर राज्य) तक उनका राज्य विस्तार था और उनकी राजधानी श्रीमाल थी जिसका वर्तमान नाम भिन्नमाल है। भिन्नमाल जोधपुर राज्य मे जोधपुर से एक सौ मील दक्षिण–पश्चिम मे है।

किरडु अभिलेख से इस वश शाखा के परमार शासको के बारे मे पता चलता है। सिधुराज के पुत्र दूसल ने दशवी शती के उत्तरार्द्ध मे अपने चाचा वाक्पतिराज से मरूमण्डल का राजय प्राप्त किया था। इस नृप का एक बार उल्लेख आने के बाद फिरडृ अभिलेख की कुछ पक्तिया खण्डित और अव्यक्त है। उसके नाम के बाद युवराज देवराज का नाम आता है। देवराज के शासन का एक अभिलेख मिला है।[61] इस पर स0 1059–1002 ई0 अकित है। यह उस समय प्रकाश मे लाया गया था जिस समय राजा श्रीमाल (भिन्नमाल मे रह रहे थे।

देवराज का नाम आने के बाद किरडू अभिलेख की कुछ और पक्तिया खण्डित है। सभवत इनमे धन्धुक का नाम रहा होगा। इसके बाद कृष्णराज नाम आया है। इसके शासन काल के दो अभिलेख मिल है, प्रथम अभिलेख भिन्नमाल नगर के एक विश्रामालय के स्तम्भ से प्राप्त होता है। यह अभिलेख परमार देवराज के पौत्र, धन्धुक के पुत्र मध्य राजाधिराज श्री कृष्णराज के शासन काल मे स0 1117 ई0 सन् 1060 मे प्रकट किया गया जब वह श्रीमाल मे शासन कर रहे थे। दूसरा अभिलेख तिथ्याकित स0 1123 सन् 1066 ई0 भिन्नमाल जगस्वामी के मन्दिर के एक स्तम्भ पर पाया गया

इसमे भी विख्यात किया गया है कि कृष्ण राज श्रीमाल मे राज कर रहे ओर उनकी उपाधि महाराजाधिराज है। भगवान चण्डीश महादेव की सेवा मे सलग्न धर्माधिकारियो के अनेक सेवको के नाम की इसमे पजीकृत है। कृष्णराज के बाद इस वश शाखा की शक्ति क्षीण होने लगी। इस वश के अतिम शासक जयसिह 1165—1183 ई0 थी।

परमारों की राजनीतिक उत्कर्ष

उपेन्द्रराज (लगभग 790–817 ई0) – परमार राजवश मे सर्वप्रथम शासक का नाम उपेन्द्रराज ज्ञात होता है। उदयपुर प्रशस्ति से ज्ञात होता हे कि उसने अपने निजी शौर्य से राजत्व का उच्च पद प्राप्त किया। उसने तत्कालीन क्षुब्ध राजनीतिक परिस्थितियो का लाभ उठाते हुए अपनी स्वतत्र सत्ता स्थापित की। उपेन्द्र ने अनेक यज्ञो का भी सम्पादन किया।

नवसहसाक चरित – (11वा, 76–78) उपेन्द्र को प्रजाओ पर लगने वाले करो मे कमी करने का श्रेय देता है। कदाचित् अपनी सत्ता के दृढीकरण के उद्देश्य से प्रजारजन के लिए उसने यह कदम उठाया । उसके राजदरबार मे सीता नाम कवयित्री रहती थी।

प्रथम वैरिहसह – (लगभग 818–842 ई0) उपेन्द्र की रानी लक्ष्मी देवी से वैरि सिह ओर डम्बरसिह नाम दो पुत्र हुए। वैरि सिह मालवा प्रथम जैसे उततराधिकारी हुआ। नागभट्ट द्वितीय और भोज प्रथम जैसे शक्तिशाली सम्राटो का समकालिक होते हुए उसे महत्वपूर्ण विजये प्राप्त करने का अवसर नही प्राप्त हुआ।

प्रथम सीयक और एक अन्य शासक – (लगभग 844–893 ई0) वैरि सिह के पुत्र और उत्तराधिकारी सीयक प्रथम के बारे मे कोई विशेष जानकारी नही है। या तो वह अत्यल्पशासा था अथवा वश् की प्रतिष्ठा को किसी प्रकार अघात पहुँचाने वाला था जिसका उल्लेख परमार कवि और प्रशस्तिकार नही करना चाहते थे।

प्रथम वाक्पति (894–920 ई0) – इसका नाम कृष्णराज और उपनाम वाक्पति हुआ/उदयपुर प्रशस्ति के अनुसार शतमुख (इन्द्र) तुल्य वह अवन्ति की कुमारियो के नेत्रोत्पलो के लिए सूर्य था। अवन्ति पर उसका दृढ अधिकार था।

द्वितीय वैरि सिह – (लगभग 921–945 ई0) – वाक्पति का पुत्र वैरि सिह बज्रट स्वामी प्रथम ओर महेन्द्राल द्वितीय थे। उनकी कठिनाइयो से लाभ उठाते हुए उसने धारा की विजय की। थोडे समय बाद महीपाल प्रथम ने वैरि सिह को धारा से हटाकर पुन अपना अधिकार स्थापति किया। सोढदेव के कहल अभिलेख से ज्ञात होता है कि कलचुरि सामन्त गुणाम्बोधिदेव के पौत्र भायान ने धारा की विजय कर याश प्राप्त किया। गुणाम्बोधिदेव भोज प्रथम का सामन्त था। अत यह निश्चित है कि भामान ने धारा की विजय भोज के पौत्र महीपाल की ओर से ही की । यह मान्य है कि अवन्ति मे प्रतापगढ ओर मन्दसौर के आस–पास के प्रदेश प्रथम महीपाल द्वारा ही विजित किये गये होगे। पर यह निश्चित रूप से यह ज्ञात नही है कि माण्डू और धारा के आसपास के क्षेत्रो से निकाले जोने के बाद परमारो ने कहॉ जाकर अपनी रक्षा की।

हर्ष, सीयक द्वितीय – (लगभग 945–972 ई0) – महीपाल के कमजोर उत्तराधिकारी अपनी महान् विरासत की रक्षा नही कर सके। तत्कालीन अस्थिर राजनैतिक परिस्थितियो मे वैरिसिह के पुत्र और उत्तराधिकरी हर्षदेव, उपनाम सीयक को परमार सत्ता की नीव मजबूत करने का सुनहारा अवसर मिल गया। परमार राजवश के प्रारम्भिक शासको मे उसकी राजनीतिक उपलब्धियॉ सबसे अधिक और महत्पूर्ण थी। ये उपलब्धियॉ उसकी सैनिक प्रतिज्ञा और राजनीतिक सूझ–बूझ का परिणाम थी। सीयक अपने शासन के प्रारम्भिक वर्षों (949 ई0) मे महाहराजाधिराज पति और महामण्डलिक चूडामणि[62] की अर्द्धस्वतत्रता सूचक उपाधिया ही धारण करता था, किन्तु शीघ्र ही अनेक युद्धो के माध्यम से पूर्ण स्वतत्र होकर परमार सत्ता के चतुर्दिक विकास मे वह अग्रसर हो गया। उसका हार्सोल अभिलेख[63] योगराज नामक किसी शत्रु पर उसी विजय का उल्लेख करता है। अभियान की समाप्ति के बाद उसने यही नदी के तीर पर अपना खेमा डाला और खेटकमण्डल के अधिपति के कहने से मोहडवासक विषय के कुम्भारोहटक ओर सीहका नामक गॉवो का दान किया।

नवसाहसाकिचरित (11वा, 90) से ज्ञात होता है कि सीयक ने हूण राजकुमारे को मारकर उनके रनिवासो को वैधव्य ग्रहो मे परिवर्तित कर डाला। इस सदर्भ का हूण क्षेत्र सम्भवत परमार क्षेत्रो के दक्षिण पूर्व मे इन्दौर और महू के आस–पास का प्रदेश था जिसे जीतकर सीयक ने अपने राज्य मे मिला लिया।[64]

सीयक को सर्वप्रमुख सैनिक सफलता उसके शासकीय जीवन के अतिम भागो मे राष्ट्रकूट सत्ता के विरूद्ध प्राप्त हुई। सीयक का सबसे जबरदस्त प्रहार कृष्ण तृतीय के छोटे और उत्तराधिकारी खोट्िग (967–978 ई0) पर हुआ। उदयपुर प्रशस्ति के अनुसार सीयक ने भयकरता मे गरूण की तुलना मे करते हुए राजा खोट्िग की लक्ष्मी यृद्ध मे छीन ली।[65] अर्युना अभिलेख के अनुसार राष्ट्रकूट सेनाओ के विरूद्ध नर्मदातीर पर लडे गये इस युद्ध मे बागड की परमार शाखा के ककदेव (कर्कदेव) ने लडते हुए वीरगति पायी[66] एक अन्य अभिलेख[67] से ज्ञात होता है कि परमार राष्ट्रकूट सेनाओ की इस मुठभेड का स्थान नर्मदा नदी के किनारे खालिघट्ट नामक स्थान था।

सीयक द्वितीय के साम्राज्य की सीमा उत्तर मे बासवाडा क्षेत्र, दक्षिण मे दर्मदा[68] पश्चिम मे महीनदी के किनारे खेटकमण्डल (खेडा और अहमदाबाद) तथा पूर्व मे भिलासा तक विस्तृत थी।

द्वितीय वाक्पति, मुणराज – (लगभग – 973–996 ई0) – सीयक द्वितीय का पुत्र वाक्पति द्वितीय लगभग 973 ई0 मे परमार राजगइद्दी का उत्तराधिकारी हुआ।[69] वाक्पति मजराज और उत्पलराज के नामो से भी सस्कृत साहित्य मे ज्ञात है।[70]

वाक्पतिराजमुज परमार साम्राज्य का सस्थापक ही नही अपितु प्रशासकीय एव सास्कृतिक क्षेत्रो मे मालवा की बहुमुखी उन्नति का क्रियाशील प्रारम्भ कर्ता था। वास्तव में सास्कृतिक क्षेत्रो मे मालवा की बहुमुखी उन्नति

का क्रियाशील प्रारम्भ कर्ता था। वास्तव मे सास्कृतिक क्षेत्रो मे उसकी कीर्ति उसके भ्रातृज भोज के यश और गौरव से इतनी आच्छादित हो गयी कि उसका ठीक–ठीक मूल्याकन दब सा जाता है। व्यापक दृष्टि से देखने पर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भोज की बहुमुखी सफलताओ और बौद्धिक उपब्धियो की आधारशिला भुज ने ही रखी थी। राष्ट्रकूट उपाधियॉ धारण की।[71]

ऐसे उदाहरण भी उपलबध है जब राजपरिवारो के वैवाहिक सम्बन्ध पारस्परिक युद्धो के उपरान्त की गई सन्धियो का परिणाम होते थे।[153] यथा परमार शासक उदयादित्य की पुत्री श्यामलदेवी का विवाह मेवाड के गुहिल शासक विजय सिह से इसी उद्देश्य से किया गया था।[154]

परमारशासक उदयादित्य ने चाहमान द्वितीय विग्रहराज से राजमती अथवा राजदेवी नामक एक राजकुमार का विवाह करके चाहमानो से मित्रता स्थापित की थी।[155]

मेघातिथि के अनुसार लडकी का विवाह आठ वर्ष की आयु मे होना चाहिये।[156] अभिलेखो मे विवाह योग्य वर्ष का विवरण उपलब्ध नही होता। सोमदेव ने पुत्री के विवाह की आयु 12 वर्ष बतायी है।[157] अर्णोराज की 18 वर्षीय पुत्री का विवाह कुमारपाल चौलुक्य से लुआ था।[158] तिलकमजरी से ज्ञात होता है कि कभी–कभी बालिकाओ के उत्पन्न होने के पूर्व ही उनके विवाह निश्चित कर दिये जाते थे।[159]

इस काल मे अतर्जातीय अनुलोम विवाह के भी कतिपय उदाहरण भी उपलब्ध होते है – नाडोल के शासक लक्ष्मण ने एक वैश्य कन्या से विवाह किया था।[160] स्वयवर प्रथा अपवाद स्वरूप ही अपनाई जाती थी।

अभिलेख से ज्ञात होता है कि रानिया धार्मिक तथा जनकल्याणकारी कार्यो के लिए दान देने मे रुचि लेती थी। परमारशासक पूर्णपाल की विधवा बहिन लाहिनी ने सूर्य मन्दिर का जीर्णोद्धार और वटपुर मे एक बावडी का निर्माण करवाया था।[161] धारावर्ष की रानियो श्रृगारदेवी व गीगादेवी ने एक बावडी बनवाकर शातिनाथ के मदिर को भेट की थी।[162]

समाज और परिवार मे 'माता' का अत्यधिक गौरवपूर्ण स्थान था।[163] पूर्वगामी युग के समान लोग अपने माता पिता के धार्मिक कल्याण एव पुण्यार्जन हेतु दान दिया करते थे। परमार शासक यशोवर्मन ने अपनी माता सोमलादेवी की जयन्ती के अवसर पर भूमिदान किया था।[164]

दहेज

परमारयुगीन अभिलेखो मे दहेज का कोई उल्लेख नही मिलता है।[165] ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान की तरह दहेज की माग नही की जाती थी। परन्तु कन्यापक्ष उपहार स्वरुप वर पक्ष को यथास्थिति धनधान्य से युक्त कन्या की विदाई करता था जिसे स्त्रीधन कहा जाता था।

बहुविवाह

परमार कालीन अभिलेखो से ज्ञात होता है कि राज परिवारो मे बहुपत्नीत्व का प्रचलन था। धनाढय और सामन्त भी इसका अनुकरण करते थे। उदयादित्य, भोज और अर्जुनवर्मन आदि राजाओ की कई रानियॉ थी।[166] परमार राजवश की आबूशाखा के शासक धारावर्ष के दो रानियॉ थी – गीगादेवी और श्रृगारदेवी।[167] अलबरुनी का कथन है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र क्रमश चार, तीन, दो और एक पत्नी रख सकते थे।

सतीप्रथा–

सतीप्रथा का प्राचीनतम् ज्ञात स्रोत भानुगुप्त का एरण अभिलेख है। परमारयुगीन अभिलेखो एव साहित्य मे सतीप्रथा का कोई उल्लेख नही मिलता है। इसकाल मे चाहमान शासक अजय पाल की मृत्यु होने पर उसकी तीन रानिया सती हो गयी थी।[168] राठौर भूवणि के पुत्र सलखा की मृत्यु होने पर उसकी तीन रानिया सलखण देवी चहुवाणी, सावलदेवी सोलकिणी और सेजड देवी गहलोतणी सती हुई थी।[169] धर्कट (वैश्य) जातीय और पोचस गोत्रीय समधर के पुत्र की मृत्यु हो जाने पर उसकी पत्नी सती हो गई थी।[170] धर्मशास्त्रो के अनुसार सतीप्रथा मुख्यत राजपूतो तक ही सीमिति थी। वह भी पूरे राजवशो मे नही। आगिरस के अनुसार ब्राह्मण पत्नी का सती होना आत्मघात के समान है। इससे न तो उसे स्वर्ग की प्राप्ति होती है न ही उसके पति को।[171] सती न होने पर विधवाये पारिवारिक सरक्षण मे रहती थी। परमार शासक पूर्णपाल के बसतगढ अभिलेख से ज्ञात होता है कि पूर्णपाल की विधवा बहिन लाहिनी अपने भाई के सरक्षण मे रह रही थी।[172] वे विधवा रानिया जो राजनैतिक कारणो से सती नही होती थी वे सत्ता का उपयोग करती थी यथा – पृथ्वीराज तृतीय के पिता सोमेश्वर की अल्पायु मे मृत्यु मे मृत्यु होने पर कुछ समय के लिए उसकी माता कर्पूरदेवी ने सरक्षिका के रुप मे शासन किया था।[173] ऐसा प्रतीत होता है कि सती प्रथा आवश्यक एव सामान्य प्रथा नही थी। यह राजपूतो के कुछ वशो तक ही सीमित थी। यदा कदा वैश्यो मे भी मिलता है। परमार वश मे इसका कोई उदाहरण नही है। ब्राह्मण भी इसके अनुयायी नही थे।

विधवा विवाह–

स्त्रियो का पुनर्विवाह नही होता था। विधवाये समाज मे साधारण रुप से जीवन व्यतीत करती थी। सामान्यतया वे धार्मिक कृत्यो मे अपना जीवन व्यतीत करती थी। आबू शासक पूर्णपाल की बहिन लाहिनी देवी ने अपने पति विग्रहराज

की मृत्यु के उपरान्त अपना जीवन साधारणरुप से बिताया। उसने वटपुर मे एक सूर्य मदिर का जीर्णोद्धार एव एक तालाब का निर्माण कराया।[174]

उत्तराधिकार—

परमार काल मे विशेषतया परमारवश मे स्त्रियो को आदरणीय स्थान प्राप्त थे। समाज मे आदरणीय स्थान के साथ ही स्त्रियो को कुछ कानूनी अधिकार भी प्राप्त थे। लडकिया भी अपने पिता सम्पत्ति की उत्तराधिकारिणी होती थी। उन्हे अपने भाइयो को प्राप्त सम्पत्ति की तुलना मे चौथाई हिस्सा मिलता था।[175] विधवा पत्नी अपने पति की सम्पत्ति की उत्तराधिकारिणी तो नही होती थी किन्तु जो व्यक्ति उसके पति की मृत्यु पर उत्तराधिकारी होता था वह उस विधवा को आजीवन भोजन वस्त्र देने के लिए बाध्य होता था।[176] मनु जैसे स्मृतिकारो ने भी पत्नी को पति की सम्पत्ति का हकदार नही माना है।[177]

स्त्रियो को भूमिदान करने का भी अधिकार था। आबू शासक प्रह्लाद देव की पत्नी ने जेन विद्वान जयदेव को अजाहरी नामक गॉव की कुछ भूमिदान दी थी।[178] इसी प्रकार धारावर्ष की पत्नी श्रृगारदेवी ने भी शातिनाथ के मन्दिर के लिए भूमिदान किया था।[179]

गणिकाये और देवदासिया—

परमार काल मे गणिकाओ और देवदासियो का उल्लेख अभिलेखो मे मिलता है। बसतगढ अभिलेख मे उल्लिखित है कि वटपुर नगर पुराण पाठी ब्राह्मणो, गणिकाओ और सैनिको से सुसज्जित था।[180] प्राचीन काल मे साधारणतया उच्चकोटि की गणिकाये शिक्षिता तथा कामशास्त्र मे निष्णात होती थी।[181] अपने नृत्यगान तथा हावभाव से लोगो को आकृष्ट करने वाली उस समय की गणिकाओ की यह विशेषता थी कि वे केवल धन की ही लोभी नही थी बल्कि वे अपने सम्पर्क

से आने वाले पुरुषो के गुणो की ओर विशेषरुप से ध्यानदेती थी। वे गुणयुक्त एव कुलीन पुरुषो से ही अपना विशेष सम्पर्क रखती थी।[182] राजाओ के अत पुर मे भी कुछ गणिकाये रहती थी जो उसके महल मे प्रवेश करने पर उनका मगलाचरण आदि करती थी।[183] मनोरजनार्थ वेश्याये शासको के साथ कभी–कभी युद्धभूमि मे भी जाया करती थी।[184] गणिकाओ को समाज का अभिन्न अग माना जाता था और धनीवर्ग तथा राजसभाओ मे इनको सम्मान प्राप्त था।[185] वि0स0 1200 के नाणा मे प्राप्त ताम्रपत्र मे विलासिनी और मेहरी नामक देवदासियो का उल्लेख हुआ है।[186] जिस गधर्वशाला मे गणिका कन्याओ को शिक्षा दी जाती थी वहा सभ्य परिवार की कन्याये नही पढती थी।[187] सामान्त अपने स्वामियो को सुन्दर गणिकाये भेटकर उन्हे प्रसन्न करते थे। ऐसा विवरण हर्षनाथ अभिलेख[188] से प्राप्त होता है।

<u>व्रत–</u> अभिलेखो मे श्रावण की महाचर्तुर्दशी, एकादशी, शिवरात्रि इत्यादि व्रतो का वर्णन हुआ है।[189] अलवरुनी ने हिन्दू समाज मे प्रचलित निम्नलिखित व्रतो का उल्लेख किया है – (1) देवशयनी एकादशी व्रत (2) असाढ शुक्लपक्ष की अष्टमी का व्रत (3) देव उठनी एकादशी व्रत (4) पौष की षष्ठी को सूर्य का व्रत (5) मार्ग शीर्ष मे तीज को गौरी तृतीय का उत्सव[190] कर्पूरमजरी मे 'गौरी तृतीया' व्रत का वर्णन किया गया है।[191]

<u>उत्सव–</u>

परमारकाल मे त्योहार तथा उत्सव अत्यन्त उत्साह के साथ आयोजित किये जाते थे। भिनमाल के जगत स्वामी के सूर्य मन्दिर से प्राप्त अनेक अभिलेखो से इसकी पुष्टि होती है। भिनमाल मे अश्विन माह मे आयोजित एक उत्सव मे देवताओ के अराधनार्थ स्थायी व्यवस्था हेतु विभिन्न जातियो के लोगो द्वारा भेट प्रदान की जाती थी।[192] जालौर के समर सिह के अभिलेख[193] से ज्ञात होता है कि दीपोत्सव के दिन पूर्णदेवसूरि के शिष्य रामचन्द्राचार्य ने नवनिर्मित मण्डप मे स्वर्ण कलश निर्मित करवाया। आबू के लुनाबासी मदिर की प्रतिष्ठापना के समय से वहा

वार्षिक उत्सव आयोजित किये जाते थे।[194] यह उत्सव चैत के कृष्णपक्ष की तृतीया को आरम्भ होता था और आठ दिनो तक चलता रहता था। उत्सव के मध्य स्नान पूजा समारोह सम्पन्न किये जाते थे। अलबरुनी ने बसन्तोत्सव का वर्णन किया है।[195] पुत्र जन्मोत्सव भी मनाये जाते थे।[196] राजाओ द्वारा नये प्रदेशो की विजय के उपलब्ध मे उत्सवो का आयोजन किया जाता था। कई अभिलेखे से ज्ञात होता है कि भोज परमार ने कोकण विजय पर्व और कोकणग्रहण विजय पर्व मनाये थे।[197] मेलो का आयोजन भी किया जाता था ।

<u>तीर्थस्थल–</u>

प्राचीन काल से ही भरतीय समाज मे तीर्थयात्रा का महत्व था । मौर्य साहित्य मे तीर्थयात्रा को धम्म यात्रा कहा गया है। परमार काल मे धर्म अनुयायियो के पुष्कर, विजोलिया, मिनाल, रिवासा, घोटार्सी और हर्षनाथ इत्यादि प्रमुख तीर्थस्थल थे। मिनाल शैवधर्मावलम्बियो का प्रमुख स्थल था तथा महानाल मन्दिर के लिए प्रसिद्व था। वि0 स0 1226 के विजौलिया अभिलेख मे भी इसका उल्लेख एक तीर्थस्थल के रूप मे हुआ है।[198] विजौलिया भी शैवो का एक प्रमुख केन्द्र था । यहॉ लोग विभिन्न स्थानो से महाकाल के मन्दिर के दर्शन करने तथा मन्दाकिनी कुण्ड मे स्नान करने के लिए आते थे।

'विविधतीर्थकल्प' के अनुसार अचलेश्वर अर्बुदाचल, कुण्डुगेश्वर, अभिनन्दादेवी और उज्जयिनी इत्यादि प्रमुख जैनतीर्थस्थल थे।[199]

<u>वस्त्राभूषण–</u>

आधोवसन (धोती) और उत्तरीय (चादर) लोगो के वस्त्र होते थे।[200] स्त्रिया घाघरा और चोली भी पहनती थी।[201] इस समय चोली को कूपार्सक नाम से सबोधित किया जाता था।[202] पुरूष धोती चादर के अतिरिक्त अगरखा

(नेत्रकूपार्सक)[203] पहनते तथा सिर पर पगडी बाधते थे। पकडी अधिकाशत रेशमी होती थी।[204] धनी लोग कामदार वस्त्र पहनते थे।[205] चीन के बने हुए रेशमी वस्त्रो का धनी लोग अधिक उपयोग करते थे।[206] ऋतु के अनुकूल ऊनी, सूती एव रेशमी वस्त्रो के उपयोग किये जाते थे।[207] जाडे के दिनो मे ऊनी वस्त्रो के अतिरिक्त सिहचर्य भी धारण किये जाते थे।[208]

कुण्डल, हार, भुजबन्द, कगन, अगूठी और करधनी इस समय के मुख्य आभूषण माने जाते थे।[209] शरीर के विभिन्न अगो मे पहने जाने वाले ये आभूषण विभिन्न प्रकार के होते थे। कानो मे दन्तपत्र[210], क्यूयादि[211], कुण्डल[212] श्रवणपाश[213] और कर्णफूल[214] नामक आभूषण धारण किये जाते थे। कभी–कभी तालपत्र भी कानो मे पहना जाता था।[215] इसी प्रकार हार भी विभिन्न प्रकार के होते थे जैसे जालकठी[216] (मोती का बना हुआ हार) साधारण हार[217] एकावलीहार[218] (एक लडी की मोती की माला) सोना जाल[219] (स्वर्णहार) और चचलहार[220] (नाभि तक लटकता हुआ) कलाई एव भुजाओ मे कगन, कैमूर[221], चद्रहाड[222], रिया[223] और चूडिया[224] पहनी जाती थी। स्त्रिया पैरो मे नूपुर पहनती थी।[225] स्त्रीपुरुष दोनो ही अगुलियो मे रत्नजडित अगूठिया पहनते थे।[226]

लोग सिर पर बाल रखते थे तथा स्त्रिया अपनी वेणी को फूलो से अलकृत[227] करती थी। वे ललाट पर कुकम की बिन्दी तथा विवाहित स्त्रिया माग मे सिदूर लगाती थी।[228] स्त्री पुरुष दोनो अपने शरीर मे चदन आदि सुगन्धित द्रव्यो का विलेपन भी करते थे।[229] दातो को रगीन बनाने के लिए लोग पान खाते थे।[230]

<u>खान पान–</u>

इस समय के मुख्य खाद्य पदार्थ चावल, दाल गेहूँ, जौ, चना, फल, घी, दूध, दही, मट्ठा और मक्खन आदि थे।[231] मूग, मसूर, कोदौ, उरद और चने का उपयोग दाल के रूप मे किया जाता था।[232] चावल कई प्रकार से बनाया जाता था

विशेषकर दूध मे पकाकर खाया जाता था। किसी आगनतुक के आने पर उसके स्वागतार्थ लोग उसे खीर बनाकर खिलाते थे।[233] राजमार्तण्ड मे प्रमाण मिलता है कि गाय के दूध मे चावल पकाकर खाने से मुनष्य दीर्घायु होता है। और उस पर वृद्धावस्था का प्रभाव जल्दी नही होता।[234] चावल की तुलना मे गेहूँ कम खाया जाता था। इससे निर्मित विभिन्न प्रकार भगवान को नैवेद्य के रुप मे चढाये जाते थे।[235] गेहूँ के आटे के दीपक भी भगवान के सम्मुख जलाये जाते थे।[236]

अनेक पेय पदार्थो के भी उपयोग होते थे जिनमे नारियल का पानी, ईख का रस और मधु अधिक महत्वपूर्ण थे।[237]

राजमार्तण्ड के अनुसार प्राय सभी वर्णो के लोग एकादशी और पूर्णिमा जैसी तिथियो अथवा पर्वों को छेडकर मास भक्षण करते थे।[238] परन्तु ब्राह्मणो के मास खाने का उल्लेख केवल भोज के एक अभिलेख मे ही मिलता है।[239] अभिलेखो मे खाद्य पदार्थों के नामो का प्राय अभाव सा है। अभिलेखो मे आटा, चावल को घी मे पकाये जाने का उल्लेख है।[240] नैवेध तैयार करने के लिए दो सेर आटे मे आठ कलश घी की आवश्यकता पडती है।[241] द्वितीय भीमदेव के आबू अभिलेख[242] मे हीग, जायफल, जावित्री, मेथी, आवला, हरड, खाण्ड, गुड, कालीमिर्च, बहेडा, महुआ, नारियल और दालो के प्रयोग का वर्णन मिलता है।

अघूर्णा अभिलेख मे[243] गुड, मजिष्ठ, नारियल, सुपाडी, तेल, जव इत्यादि के व्यापार की मण्डियो का विवरण प्राप्त होता है।

अलबरुनी ने सूचित किया है कि ब्राह्मण को गैडे के मास खाने का विशेष अधिकार था।[244]

'समराइच्चकहा' मे चण्डिका की पूजा मे भैसे की बलि देकर उसका मास प्रसाद रुपेण ब्राह्मणो द्वारा खाये जाने का वर्णन है।[245] 'तिलकमजरी' से ज्ञात होता है कि स्त्रिया और पुरुष पान मे कर्पूर मिलाकर खाते थे।'[246]

बाउक की जोधपुर प्रशस्ति से स्पष्ट होता है कि आठवी शताब्दी मे क्षत्रिय सुरापान करते थे। अलबरुनी ने भी लिखा है कि क्षत्रिय वर्ग के लोग मद्यपान करते थे। यह प्रतीत होता हे कि क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ग सामान्यत मास भक्षण करता था किन्तु ब्राह्मण समय विशेष पर ही ऐसा करते थे।[247] यह भी उल्लेख मिलता है कि सूकर, हिरण, खरगोश, भेड, बकरी, मछली और कहुये जैसे जीवो का मास भक्षण किया जाता था।[248] अलबरुनी कहता है कि गाय, घोडे, खच्चर, ऊँट, हाथी, कौवे, तोते और बुलबुल का मास भक्षण होता था।[249] लोग मद्यपान भी करते थे।[250] किन्तु ब्रत आदि के दिन यह निषिद्ध था।[251] भोजन मे शुद्धता का विशेष ध्यान दिया जाता था। रसोईगृह मे भोजन बनाने के लिए एक स्वच्छ वस्त्र रखा जाता था, जिसे पहनकर ही रसोइया भोज्य पदार्थों को पकाता था।[252] भोजन और पेयो के वर्तन सोने, चादी, कासे, शीशे और मिट्टी के हुआ करते थे।[253]

सामाजिक प्रथाये एव अधविश्वास–

सामान्यत सामाजिक प्रथाओ के कारण ही साधारण विश्वास बनते है। परमार कालीन समाज मे भी अनेक विश्वास ज्ञात होते है। जिनमे कुछ अधविश्वास भी थी। उस समय तन्त्रमत्रो का खूब प्रचार था। स्त्रिया अपनी इच्छापूर्ति के लिये गले एव बाहो मे ताबीजे बाधती थी। झाडफूक करने वालो का एक अलग वर्ग ही था जो ताबीज आदि देते थे। स्त्रिया सतानोत्पत्ति के लिए जडी बूटियॉ पीसकर पीती थी।[254]

वशीकरण विद्या भी प्रचलित थी। इसमे विशेषत लोग गरुडमन्त्र का उपयोग करते थे।[255] अन्य उपायो द्वारा भी जैसे तिलक, अजन आदि लगाकर दूसरो को अपने वश मे किया जाता था।[256] इसके अतिरिक्त स्तम्भन, स्तोम (प्रवृत्त कार्यो मे प्रतिबन्ध), उच्चाटन तथा विद्वेषण आदि के भी प्रयोग प्रचलित थे।[257]

भूतप्रेत आदि अदृश्य योनियो मे भी लोगो का विश्वास था। उनसे

बचने के लिए लोग समयानुसार विविध प्रकार के धूपो को जलाते एव प्रसूतिगृह के चारो ओर मत्रमुक्त भस्म की एक रेखा खीचते थे।[258] प्रेतात्माओ की तृप्ति के लिए लोग श्राद्ध एव पिण्डदान आदि क्रियाये करते थे। यशोवर्मन ने अपनी माता मोमलदेवी के वार्षिक श्राद्ध के दिन ब्राह्मणो को कुछ भूमि दान दी थी।[259] कभी–कभी मन्त्रबल से लोग अदृश्य शक्रियो को उत्पन्न करके अपनी कार्यसिद्धि भी करते थे। चालुक्य शासक द्वारा धारानगरी के अधिकृत हो जाने पर यशोवर्मन के गुरु ने अपने मन्त्रो के बल से शत्रुओ का नाश करने के लिए एक कृत्या उत्पन्न की थी।[260] लोग कर्णापिशाचिनी विद्या मे भी विश्वास करते थे।[261]

स्वर्ग और नरक मे प्राय सभी लोगो की आस्था थी। धर्म स्वर्ग प्राप्ति का प्रधान साधन माना जाता था।[262] ऐसा विश्वास था कि किस प्रकार भूमिदान से मृत्यु के बाद स्वर्ग की प्राप्ति होती है उसी प्रकार दान की हुई भूमि का अपहरण करने तथा दूसरो को इसके अपहरण के लिये प्रेरित करने वालो को नरक मिलता है।[263]

ज्योतिषियो की भविष्यवाणी मे लोगो का बहुत बडा विश्वास था। लोग अपनी हस्तरेखाये दिखाते और उनके कथनानुसार किसी शुभफल की कामना से व्रत एव पूजा भी करते थे।[264] वाक्पतिराजमुज ने ज्योतिषियो की इस भविष्यवाणी पर विश्वास करके कि उसका भतीजा भोज चक्रवर्ती सम्राट बनकर भविष्य मे अधिक दिनो तक राज्य करेगा, उसे मार डालने की आज्ञा दे दी।[265]

मनोरजन के साधन–

जीवन मे श्रम एव अध्यावसाय का जितना महत्व है इससे जरा भी कम महत्व मनोरजन का नही है। विवेच्यकाल मे लोग भी विभिन्न प्रकार से अपना मनोरजन करते थे।

मनोरजन के लिए सास्कृतिक ढग की साहित्यिक गोष्ठियो का आयोजन किया जाता था, जिसमे साहित्यिक विषयो पर विचार और कठस्थ कविताओ का पाठ आदि होता था।[266] इसके अतिरिक्त बडे–बडे विद्वानो को आमत्रित कर शास्त्रार्थ आदि के आयोजन भी किये जाते थे।[267] कभी–कभी कुछ समस्याये भी रखी जाती थी जिनका विद्वद्वर्ग समाधान करता[268] था।

नाट्य एव अभिनय अवकाश के समय लोग नाटको द्वारा भी अपना मनोविनोद करते थे। कभी–कभी राज्य की ओर से भी नाटको के मचन की व्यवस्था भी की जाती थी। प्राय राजमहल अथवा देवमदिर ही रगमच के स्थल चुने जाते थे।[269] अर्जुन वर्मन के शासनकाल मे वसन्तोत्सव के अवसर पर राज्य की ओर से परिजातमजरी नामक एक नाटिका का मचन हुआ था।[270]

आखेट–

शिकार मनोरजन का एक प्रमुख साधन था।[271] वैदिककाल से ही शिकार की प्रथा प्रचलित है।[272] सिधुराज, भोज तथा आबू शासक धारावर्ष[273] आदि शिकार के अत्यधिक प्रेमी थी। राजाभोज की आखेट प्रियता पूर्णत स्पष्ट है। विख्यात है कि एक बार जब वह धनपाल कवि के साथ जगल मे शिकार करने के लिए गये थे। उनके हिरण के शिकार के बाद धनपाल ने निर्दोष हिरण मारने पर एक कविता बनाकर राजाभोज को सुनाया[274], जिससे परमार भोज के मन मे बडा क्षोभ उत्पन्न हुआ। लोग शिकार के लिए जाते समय उपकरणो के रुप मे शिकारी कुत्ते भी साथ ले जाते थे।[275]

घूत–

घूत लोगो के मनोविनोद का एक अन्य प्रमुख साधन था।[276] अलबरुनी के अनुसार इसके लिए एक अलग भवन होता था जिसमे पासा फेकने के लिए

एक विशेष नाप का फलक रखा जाता था।[277] घूतगृह से एक निश्चित धनराशि राजा को कर के रुप मे प्राप्त होती थी।[278] सारणेश्वर प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि मन्दिर के निर्वाह के लिए जुआरी से एक पेटक (एक दाव की जीत का भाग) लिये जाने की व्यवस्था की गई थी।[279] शतरज के प्रति भी लोगो की रुचि थी।[280] किन्तु धार्मिक पर्वो पर लोग उसमे भाग नही लेते थे।[281]

सगीत और नृत्य–

सगीत और नृत्य द्वारा भी लोग अपना मनोरजन करते थे।[282] सगीत मे ढोल, मृदग, फाफ, तुरही और फल्लरी आदि कई प्रकार के वाद्यो का उपयोग किया जाता था।[283] वीणा और वासुरी बजाने के भी लोग शौकीन होते थे।[284] अर्जुन वर्मन स्वय वीणा वादन का विशेषज्ञ था।[285]

इसके अतिरिक्त लोग जल क्रीडा एव मद्यपान भी करते थे।[286] क्रीडा पर्वत पर भी जाते थे।[287] वृद्धजन सायकाल कथा वार्ताओ द्वारा अपना मनोविनोद करते थे।[288]

1 पी0वी0 काणे – धर्मशास्त्र का इतिहास पृष्ठ – 119

2 गौतम 10/1–3 द्र वशिष्ठ 2।13–19 मनु0 1/88–90

3 आपस्तम्ब – 1/1/7–8

4 ब्राह्मणोडस्य मुखमासीद बाहू राजन्य कृत ।
उदरूतदस्य यद्वैश्य पद्म्या शूद्रो अजायत ।।
ऋग्वेद सहिता – 10/90/12

5 ति0म0 पृष्ठ – 11

6 JBBRAS VOL XXI P 351

7 Elliot and Donson Vol I P 19

8 E I Vol VIII Page 206

9 I A Vol XIX Page 354

10 Bom GAZ Vol 1 part I Page 473

11 E1 Vol XIX Page 238

12 Bom GAZ Vol VIII Page 146

13 JASB VOL V 1909 PAGE 167

14 राजपूताने का इतिहास –1– पृष्ठ 69–88
History of Medieval Hindu India Vol II page 330-33.

15 ब्रह्मक्षत्रियकुलीन प्रलीनसामन्त चक्रनुतचरण ।
सकलमुकृतैकपुज श्रीमान मुजार्श्चरजयति ।। पिगलछदसूत्र वृत्ति पृ0 139

16. ब्रह्मक्षत्रस्य यौ योनिर्वशो राजर्षिसत्कृत ।
क्षेमक प्राप्य राजान सस्थान प्राप्स्यते क्लौ ।। विष्णु पुराण – 4/21/18

17 काले कृतयुगे चैव क्षीणै त्रेतायुगे पुन
वीजार्यन्ते भविष्यन्ति ब्रह्मक्षत्रस्य वे पुन ।। वायुपुराण अध्याय

18 JASB Vol V 1909 page 186.

19. Champa page 215

20 E I. Vol. I page 305

21 History of the Hindu Medival India Vol.II page 62

22 I A Vol VI Page 51,53 E I Vol XXIII Page 202, 109 110 Vol XI page 183 Vol IX P 115-16 Pio Rep ASI, Vestern Circle 1920-21 P 54

23 IHQ Vol VIII P 312

24 I A Vol XLV page 77-90 Vol XVI Page 325

25 E I Vol IX P 115 16 Vol XXIV Page 256

26 Ibid Vol IX Page 122

27 I A Vol XIX Page 353

28 Ibid Vol XVI Page 255

29 E I Vol IX Page 122

30 JASB Vol VIII Page 737

31 1 HQ Vol VIII Page 312

32 I A Vol VI Page 54

33 E I Vol XI P 183

34 D C Ganguli History of the Paramara Dynasty Page 240

35 JASB Vol XI Page 221, E I Vol IX P 115-16 Vol XIX P 236 JBBRAS Vol XXIII P 76 IA Vol XLVP P 78

36 E I Vol XIX P 238

37 Ibid Vol XIX 243

38 1A Vol XIX P 353

39 JASB, Vol VII P 737

40 1A Vol XIX p 349

41 E1 Vol XIX P. 243 Vol XXXII page 140-41

42 Ibid Vol XXXII Page 140-41

43 Ibid Vo Vol XXIV P 231 Vol XXXII P 140-41

44 मनुस्मृति 10/75

45 E.I. Vol. XXXII Page 140-41

46 Ibid Vol XIX Page 236

47 IA.Vol VI p 48

48 IHQ Vol VIII Page 306,

EI Vol XVIII Page 320

49 1A Vol XIX Page 312

50 E 1 Vol XXXI P 81, 1A Vol XL III P 193

51 Sachau Vol II P 132

52 श्रृ० म० पृ० 28

53 Hıstoıy of Dharmashastı a Vol II Part –1 Page 126

54 1A Vol X LV P 77

55 JAOS Vol VII P 25-33 FI Vol IX P 109

56 EI Vol IX P 123

57 रेउ राजाभोज पृष्ठ 52

58 नृत्यमजरी पृष्ठ – 55

59 EI Vol XIX P 236

60 Ibıd Vol P 76

61 E/1 Vol IX Page 11

62 Ibıd Vol XIX Page 73

63 Ibid Vol IX Page 115

64 JAOS Vol VII Page 33

65 मुक्ता विप्रकरानरातिनिकरान्निर्जित्य तत्किचन।
प्रापत्सप्रति सोमसिह नृपति सोमप्रकाश यश।
E 1 Vol VIII Page 211

66 Sachau Vol II Page 149

67 1-1A, 43 Page 193-94

68 Sachau Vol. II Page 162

69 Hıstory of Dharmashastra Vol II Part I Page 138-54

70 Sachau Vol. II Page 136

71 उपेन्द्रराजो द्विजवर्गरत्न सौर्याज्जितोत्तग नृपत्वमान E1 Vol. I Page 234

72 I A Vol VI Page 51

73 Ibid Vol XLV P 77

74 E I Vol VIII P 220
75 Ibid Vol VIII p 206
76 1A 20 page 210
77 E I 26 page 80
78 J A S B 50 page 48 B I 5 page 83-87
79 डा0 एस0पी0 व्यास राजस्थन के अभि0 का सा0 अध्ययन पृष्ठ 113
80 एस0ई0 जिल्द पाचवी परिशिष्ठ पृष्ठ 53 स0 362
81 सकल विद्याचक्रवर्ति कृत 'गद्यकरणमृत'
Annual Report Myssor Aichaeological Dept 1929
82 याज्ञवल्क्यस्मृति 1,53 की टीका।
83 E I Vol I Page 154
84 Sachau Vol. II page 162
85 रा0थू0ए0 पृ0 439
86 E I Vol. XXI P 48 1A Vol XV P 162
87 डा0 एस0पी0 व्यास राजस्थान के अभि0का सा0 अध्य0 115
88 1-A, 29 page 189
89 Sachau Vol II page 136
90 कृ0क0 गृहस्थकाड पृ0 258
91 ति0 म0 पृ0 117
92 कृ0क0 गृहस्थकाड पृ0 258
93 E-1 Vol. XIV P. 298-303 Vol XXI P 48
94 Sachau Vol I page 101
95 मनु0 3/12 बौधयन धर्मसूत्र 1/11/13-14
96 A R.R M Ajmer 1927 page 3
97 बील Budhist record of the western world 1 page 64
98 वि0स0 1201 दिलवाडा (आबू) अभि0 E I 9 page 151
99 नाहर जे0ले0 स0 1 पृ0 248
100 वि0स0 1117 का भीनमाल अभि0 A C T of Rajasthan Page 395

101 वि0स0 1201 का दिलवाडा अभि0 E I 9 page 151
102 हर्ष स0 201 खण्डेला अभि0 अकबरनामा 1 पृ0 617
103 E I Vol XIV P 302 I A Vol XLV p 79
104 E I Vol VIII p 222
105 I A Vol XX p 312
106 Bom Gaz Vol I part I p 472
107 D Sharma P 246
108 आपस्तम्ब 1-1-1-7-8
109 पी0वी0 काणे धर्मशास्त्र का इतिहास 1 पृ0 148
110 जी0एन0 शर्मा राजस्थान का इतिहास पृ0 116
111 मेधातिथि – 3 पृष्ठ 156
112 डा0 व्यास राज0 के अभि0 का सास्कृ0 अध्य0 – 117
113 E I 24 page 329
114 राजुमदार Corporate lıfe ın Ancıent Indıa
115 गोपालचद्र सरकार A Trıtıse on Hındu Law p 143
116 द्र0 उदयनसुन्दरी कथा की भूमिका।
117 B I 2 Page 67-68
118 E I 10 page 20
119 मिताक्षरा 1 पृ0 335
120 1A 19 page 57
121 गो0ही0 ओझा मध्यकालीन भारतीय सस्कृति पृ0 48
122 पी0वी0 काणे धर्मशास्त्र का इतिहास पृ0 128
123 व्याससमृति 1/10–11
124 P V Kane Hıstory of Dharmashstra – 128
125 E I 12 page 59
126 1A 41 page 203
127 EI 11 page 39.
138 Early chauhan dynastay page 203

139 P R A S W C 1907-8 page 49
130 वीर विनोद 2 पृ0 1197—98
131 A S I 1936-37 page 124
132 मनुस्मृति — 199
133 व्यास स्मृति 1—12—12
134 अलबरूनी का भारत 1 पृ0 101
135 1-E-I 11 पृ0 53—54
136 Early Chauhan Dynasty page 139-40
137 उपमितिभव प्रबन्च कथा — पृ0 —36
138 मनुस्मृति (10/51—56) मे आया है कि चाण्डालो को गाव के बाहर रहना चाहिए। उनकी सम्पत्ति कुत्ते व गदहे है। तथा शवो के कपडे ही उनके परिधान है। उन्हे टूटे फूटे बर्तनो मे भोजन करना चाहिए। उन्हे लगातार घूमते रहना चाहिए। वे रात्रि मे नगर या गाव के भीतर नही आ सकते उन्हे बिना सम्बन्धियो वाले शवो को ढोना चाहिए। वे राजाज्ञा से जल्लाद काा काम कर सकते है। वे फासी पाने वाले व्यक्तियो के परिधान, गहने एव शैया ले सकते है फाहियान (Record of Budhıst Kıngdom लेगे द्वारा अनुदित पृ0 43) ने भी लिखा है कि जब वे नगर या बाजार मे प्रवेश करते थे तोा लकडी के डडे से ध्वनि उत्पन्न करते चलते थे जिससे अन्यजन उनके स्पर्श से बच सके।
139 श्रृ0 म0 पृष्ठ 84
140 ति0म0 पृ0 163
141 ति0म0 पृ0 214
142 ज्ञान पचमी — 1, 14, 12
143 उपमितिवप्रवचनकथा पृष्ठ — 698
144 श्रृगारमजरी कथा — पृ0 85
145 तिलकमजरी — पृ0 — 17—18
146 मनुस्मृति 3/56
147 कार्येषु मत्री, करणेषुदासी, स्नेहेषु माता क्षमया धरित्री।
धर्म्मस्य पत्नी शयने च वेश्या षट्कर्मपि स्त्री कुलमुहरेतु।।
चाणक्य राजनीति शास्त्र 1/52
148 E I 11 page 221-22
149 नवसहसाक चरित 11वा पृष्ठ 76—78
150 J A.S.B 10 page 242.
151 तिलकमजरी पृष्ठ 214

152 समराइच्चकहा पृष्ठ 93—101

153 समुद्रगुप्त ने 'देवपुत्रषाहिषाहानुषाहिशकमुरुण्डै' एव सिहल तथा अन्य द्वीपो के शासको ने कन्याओ को प्राप्त किया था।

154 E I 2 Page 12

155 E I 26 Page 80

156 मनुस्मृति, 11, 4

157 प्रतिपाल भाटिया The paramaras P 286

158 द्वयाश्रय महाकाव्य 19 श्लोक 21—25

159 तिलकमजरी — पृष्ठ—52

160 पुरातन प्रबन्ध सग्रह पृष्ठ 102

161 E I 9 Page 12-15

162 ओझा—सिरोही राज्य का इतिहास पेज 24

163 मनुस्मृति (2/45) मे लिखा है कि आचार्य उपाध्याय से और पिता आचार्य से दश गुना सन्मान्य होता है। परन्तु पिता से भी माता हजार गुना सम्माननीया होती है।

164 E I 19 Page 351-52

165 Sachav vol II P 155

166 रास माला प्रथम पृ0 2 E I Vol XXI P 54, History of the Paramara Dynasty-242

167 प्रतिपाल भाटिया The Paramaras Page 178

168 E I 19 Page 8-9

169 एडमिनि वि0स01932 पृष्ठ71 अन्वेषण 1, पृष्ठ45 सती प्रथा पर द्रष्टव्य (1) धोलपुर अभि0वि0स0 898 Z DMG 40P-39

(2)उस्मा अभि0 वि0स0 1237 PRASWC 1911-12 Page 53

170 J P A S B. 12 पृष्ठ—106

(क) वि0स0 1243 का पुष्कर अभिलेख ARRM अजमेर 1919-20 पृष्ठ-3

(ख) वि0स0 1248 का उस्मा अभिलेख Ojha Gori Shanker Herachand जोधपुर राज्य का इतिहास 1-P-30

171 शर्मा–चौहान सम्राट पृथ्वीराज तृतीय और उनका युग–56

172 E I 9 Page 12-15

173 पृथ्वी राज विजय 9, 11, 34

174 E I Vol IX P-10

175 Sachau Vol II P 164

176 मनु0 9/185

177 History of Dharmashastra Vol III P 702

178 पार्थपराक्रम व्यायोग - Amendmus- 2

179 भारत के प्राचीन राजवश पृष्ठ – 79

180 E I 9 Page 12-15

181 Social Life in Ancient India P 199

182 बद्धरागाभिरपि नीचरतेप्व सत्लाभिर्लक्ष्मी मनोवृत्तिभिरिव पुरुषोत्तम गुणहार्याभिर्नपुनरेकान्ततोऽर्थानुरागिणीभि ससारेऽपि पारताबुद्धि निबन्धन – ति0म0 पृष्ठ 9 श्रृ0म0 कथानक 1–13

183 तिलकमजरी पृ0 53

184 ति0म0 पृष्ठ – 97

185 नाट्यशास्त्र (अ– 13 37) मे इन्हे विशेष शिक्षिता तथा सभ्य समझकर नाटको मे इनके द्वारा सस्कृतभाषा प्रयुक्त किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

186 E I 33 Page 240

187 कामसूत्र पृ0 364

188 E I 2 Page 121-122

189 E I 11 Page 30 और 65 तथा द0कान्हडदेप्तबन्ध–1 पृष्ठ 159

190 अलबरुनी का भारत 2 पृष्ठ – 175 – 184

191 रा0श्रू0ए0 Page 469

192 E I XII Page 27

193 E I XI Page 55

194 E I VIII Page 204

195 Sachau 2 Page 178-79

196 तिलकमजरी पृ0 63–64

197 E I 18 Page 320-25 तथा E I 11 Page 181

198 E I - 26 Page 99-100

199 विविध तीर्थकल्प पृष्ठ 11, 15, 57, 79, 81 और 88

200 तिलकमजरी Page 57, 130, 186, 188

201 Prices of Wales Museum Line 38 52

202 तिलक मजरी पृ0–134 जनार्दन विनायक ने कूर्पासक का अर्थ चोली माना है (गीर्वाण लघुकोष पृ 165) क्षीर स्वामी ने इस शब्द का दो अर्थ माना है (अ) आप्रदी नर्वत्वुकस्य (घुटने तक लटकता कुर्ता) ब कूर्पर अस्यते दून्यास– स्त्रीणा – कुवलिकारयस्य (स्त्रियो के पहनने की चोली) अमर कोष छठा सर्ग श्लोक 118 ति0म0 पृष्ठ 134

203 वही पृ0 134 रासमाला I-Page 3

204 वही पृष्ठ 134, 189

205 श्रृगार मजरी पृष्ठ 74

206 ति0म0 पृष्ठ 130

207 युक्ति पृष्ठ 81–88 श्लो 19–25 ति0म0 पृष्ठ–83, श्लोक 32–38

208 दृयाश्रमहाकाव्य सोलहवा, 51–52

209 युक्ति पृष्ठ 81–88 श्लो0 19–25 वही पृष्ठ 83 श्लो0 32–38

210 ति0म0 पृष्ठ 301

211 Prince of Wales Museum Line 47

212 ति0म0 पृष्ठ 130

213 वही पृ0 226

214 वही

215 Prınce of Wales Museum - Lıne 68

216 Ibıd Lıne 5, 48

217 ति0म0 पृष्ठ – 301

218 Prınce of Wales Museum - Lıne 111

219 Ibıd Lıne 71

220 ति0म0 पृष्ठ 130

221 वही पृष्ठ 226

222 Prınce of Wales Museum Lıne 119

223 Ibıd Lıne 22

224 Ibıd Lıne 119, Sachau Vol I P 181

225 Prınce of Wales Museum Lıne 39

226 ति0म0 पृष्ठ 130

227 वही पृष्ठ 216, 239, श्रृ0म0 पृष्ठ 75, नवसहसाक चरित 14वॉ, 57

228 ति0म0 पृष्ठ 75, 189, 213 द्वयाश्रयमहाकाव्य 16वॉ, 54

229 श्रृ0म0 पृष्ठ 47, ति0म0 पृष्ठ–213 Prınce of Wales Museum Lıne 127

230 ति0म0 – पृ0 198

231 ति0म0 – पृ0 57

232 E I Vol V Page 295

233 ABORI Vol XXXVI P 313, Verse, 53

234 धर्म परीक्षा पृष्ठ 80, 81, 104

235 A K Majumdar P 134

236 ABORI Vol XXXVI Page 329 Verse 200

237 E I Vol XI Page 57

238 ABORI Vol XXXVI Page 313-14, Verse 53-54

239 ABORI Vol XXXVI Page 313-14, Verse 53-54

240 IHQ - Vol VIII Page 311

241 E I - 11 - Page 57

242 E I - 20 - Page 57

243 H I G 2 स0 170

244 E I - 14 - Page 207

245 अलबरुनी का भारत – पृष्ठ – 153

246 रा0 थू0 ए0 पृष्ठ – 467

247 E I - XVIII - Page 95

248 Socio Religious Condition of Northern India P 173

249 मानसोल्लास 3/13/1420, 1547, 1516, 1522–23, 1536–37

250 Sachau Vol II Page 151

251 तिलक मजरी पेज 8, 15

252 ABORI Vol XXXVI Page 313-14, Verse 54

253 ति0म0 पृष्ठ– 56–57

254 युक्ति0 पृष्ठ–57, श्लोक 86, ति0म0 पृष्ठ–55

255 ति0म0 पृष्ठ–53

256 ति0म0 पृष्ठ–139

257 वही पृष्ठ–191

258 वही

259 वही पृष्ठ 63

260 द्वयाश्रयमहाकाव्य 16वा0, 43 IA Vol XIX P 348

261 धाराशीश पुरोघसा निजनृपक्षोणी विलोक्यालिता,

चौलुक्याकुलिता तदत्ययकृते कृत्वा विलोत्पादिता।

सोमदेवकृत सुरथोत्सव काव्य पृ0 3

262 इस विद्या के द्वारा लोग भविष्य मे होने वाली घटनाओ को बताते है। भविष्य वक्ता के कानो मे एक अदृश्य शक्ति प्रश्नकर्ता के सभी प्रश्नो के उत्तर कह देती हे। ति0म0पृ0 53

263 प्राणास्तुणाग्रजलविन्दुसमा नराणाम्

धर्मसता परमहो परलोकयाने। IA Vol VI P 53, 54

EI Vol XI P 183 Vol III P 48-49

264 क–पष्टिवर्णसहस्राणि स्वर्गे तिष्ठति भूमिद ।

आच्छेता चानुमन्ता च तान्येव नरके वसेत।।E I Vol IX P 123

ख–भूमि य प्रतिगृहणाति यस्य भूमि प्रयच्छति,

उमा तौ पुष्य कर्माणौ, नियत स्वर्ग गामिनौ। I A Vol XVI P 255

265 ति0म0 पृष्ठ 53

266 P C Tawney P 32

267 ति0म0 पृ0–85

268 Ain-E-Akbari- Zarrett Vol II P 216

269 सिधी जैन ग्रथमाला – ग्रथाक 42 पृष्ठ 13

270 प्रेक्षासगीतकानि स्युर्गन्धर्वे वासवेश्य च।

कार्यावैवस्वते शाला स्थाना दन्तिना तथा। स0पू0 15/33

271 E I Vol VIII Page 96

272 भोज प्रबन्ध – बल्लालकृत – जगदीशलाल पृ0 57

273 Rigvedic Culture P 221-22

274 नवसहसाक चरित ग्यारहवा सर्ग IA Vol L VI P 51

275 रसातल यातु तवात्र पौरुष कुनीतिरेषा शरणौ (शरणागत)

हयदोषवान्।

निहन्यतेयद्बलिनापि दुर्बलो हा हा महाकष्टमराजक जात।।

प्रचि मु पा – पृष्ठ–13 P C Tiwari P 55

276 हम्मीर महाकाव्य– IV पृ0–48

277 ति0म0 पृष्ठ 15

278 Sachau Vol I Page-182-85

279 E I Vol XIV. Page 302 Verse 75

280 B I 2 Page 67-68

281 ति0म0–पृष्ठ–13, 201

282 ABORI Vol XXXVI Page 313 Verse-51

283 ति0म0 पृष्ठ 149

284 वही पृष्ठ 192

285 ति0म0 – पृष्ठ 57, 151, 219

286 E I Vol IX Page 121 Verse 18

287 ति0म0 पृष्ठ 15, 137

288 वही पृष्ठ 15

अध्याय-3

परमार कालीन धार्मिक जीवन

परमार शासकों की धार्मिक नीति

धार्मिक –

सस्कृति का आधार धर्म है। सभ्यता एव सस्कृति की अध्ययन की पूर्णता के लिए सामाजिक आर्थिक एव सास्कृतिक स्थितियो का समग्र विवेचन आवश्यक है धार्मिक अवस्था स्वतत्रता, सौहार्द, सहिष्णुता से किसी राज्य की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। परमार नरेश वर्ण व्यवस्था के पोषक एव धर्मभीरु क्षत्रिय थे। परमार राजवश का राजचिन्ह गरुड और सर्प था।[1] किन्तु इस काल मे किसी एक देवता की पूजा प्रधान न थी। हिन्दू धर्म के विभिन्न सम्प्रदायो के अस्तित्व एव विकास के उल्लेख मिलते है जिनमे, शक्तिपूजा (शाक्य सम्प्रदाय) शैव सम्प्रदाय (शिव पूजा) सौर सम्प्रदाय (सूर्य पेजा), गणेश, कार्तिकेय, ब्राह्मण, हनुमान, क्षेत्रपाल आदि अनेक देवी देवताओ की उपासना के प्रमाण अभिलेखो से प्राप्त होते है।

परमार इस अभिलेखो के विश्लेषण एव आलोचनात्मक अध्ययन से ऐसा प्रतीत होता है कि इस काल मे शैव धर्म का अपेक्षाकृत् अधिक प्रचलन था। इस काल के शासको ने व्यक्तिगत रूप से न केवल शैवधर्म को प्रश्रय प्रदान किया था। अपितु वे उसके अनुयायी भी थ। अभिलेखिक साक्ष्यो से विभिन्न रूपो मे शिव की उपासना और शैव सम्प्रदायो के विकास का सकेत प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त शाक्तधर्म तथा सौर सम्प्रदाय को भी प्रमुखता प्राप्त थी जिनके विकास का परिचय अभिलेखिक साक्ष्यो से स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। इस काल के धार्मिक जीवन की रूपरेखा यद्यपि अभिलेखो के आधार

पर स्पष्ट की जा सकती है क्योकि व्यवहारिक जीवन मे जिन धार्मिक सम्प्रदायो और उनसे सबधित उपासना का प्रचलन था उन सभी के विषय मे किसी न किसी रूप से अभिलेखो मे वर्णन अवश्य है परन्तु धार्मिक विकास की समग रूप रेखा प्रस्तुत करने के लिए साहित्यिक साक्ष्यो एव विदेशी यात्रियो के विवरणो का आश्रय ग्रहण करना अपरिहार्य है।

शक्ति पूजा (शाक्त मत) –

भारत मे शक्ति (देवी) पूजन के प्रमाण सैधवकाल से ही प्राप्त होते है। गुप्त काल मे शाक्त मत अन्य मतो की भाति प्रचलित हो गया था। पूर्व मध्यकाल मे शक्तिपूजा के प्रमाण अभिलेखो मदिरो तथा मूर्तियो के रूप मे प्राप्त होते है। मालव सवत 547 के भ्रमर माता (छोटी सादडी उदयपुर सभाग) अभिलेख का मगलाचरण असुर–सहारिणी शूलधारिणी दुर्गा की आराधना से सम्बन्धित है।[2] कामा की एक गुप्तकालीन मूर्ति मे शिव पार्वती परिणय भाव अत्यन्त विलक्षण रूप मे अभिव्यक्त हुआ है।[3] वर्मलात के वि0स0 682 के अभिलेख मे क्षेमकरी दुर्गामाता 'क्षेमार्या' की वन्दना की गयी है। क्षेमार्या सुवास्थ्य की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती थी।[4]

राजस्थान मे चाहमानो एव परमारो के शासन काल मे भी शाक्रधर्म का महत्व पूर्ववत बना रहा। आबू पर्वत शाक्त धर्म का प्रमुख केन्द्र और अर्बुदेश्वरी का निवास स्थान माना जाता था।[5] परमाल काल मे जैन धर्मावलम्बी भी चण्डिका की अर्चना करने लगे थे। जैनो ने उसे प्रतिरक्षक देवी के रूप मे स्वीकार कर लिया था।[6] परन्तु उन्होने देवी के उग्र रूप के स्थान पर ललिता रूप की अर्चना की उन्होने उसे सच्चिका (सचिया) माता कहा।

अन्य सम्प्रदायो की तरह शक्ति उपासको का भी एक अलग सम्प्रदाय होता है जिसे शाक्त सम्प्रदाय के नाम से अभिहित किया जाता है। इस सम्प्रदाय के उपासक शक्ति को मूल तत्व मानते है। वे शक्ति द्वारा धारण किये गये विभिनन रूपो की विभिन्न विधियो से उपासना करते है।

शाक्त सम्प्रदाय अत्यन्त प्रारम्भ से ही किसी न किसी रूप मे प्रचलित था। पुराणो मे इस शक्ति की कृ पा से शुम्भ निशुम्भ जैसे विकट दैत्यो के देवताओ द्वारा परास्त किये जाने की कथाये प्राप्त है।[7] कतिपय अन्य कथाओं[8] मे यहा तक कहा गया है कि शक्ति ही मूलतत्व है तथा अन्य देवतागण उनके परिकर है। ''ओकार'' को शिव मे स्थित शक्तितत्व को हटा दिया जाय तो शिव केवल ''शव'' के अतिरिक्त और कुछ भी नही है।

इस समय समाज मे ऐसा कोई भी अलग सम्प्रदाय नही था जो केवल शक्ति की ही उपासना करता हो। लोगो मे धार्मिक सहिष्णुता थी। वे शिव विष्णु आदि देवाताअे के साथ–साथ शक्ति की सरस्वती और अम्बिका आदि विभिन्न नामो से उपासना करते थे। उदयादित्य के शासन काल मे लारबलिया ने धारा नगरी के एक मदिर मे पार्वती की प्रतिमा स्थापित की थी।[9] देवपाल के समय व्यापारी केशव ने शिव मन्दिर के समीप अम्बिका और नकुलिश[10] देवी की प्रतिमा प्रतिष्ठित करके पूजा की थी। इसी प्रकार आबू शासक पूर्ण पाल ने नारायण गणेश और सरस्वती का पूजन किया था।[11]

दुर्गा .–

शाक्त सम्प्रदाय की यह प्रमुख देवी थी। रौद्र और सौम्य दोनो रूपो मे दुर्गा की अराधना होती थी।[12] देवी के रौद्र स्वरूप का महिषासुरमर्दिनी नाम से उल्लेख मिलता है।[13] अश्विनी मास शुक्ल सप्तमी तिथि से प्रारम्भ होकर

दशमी तिथि तक दुर्गोत्सव चलता रहता था। देवी की पूजा और विसर्जन चलता रहता था। देवी की पूजा और विसर्जन के लिए कुछ विशेष नक्षत्र निश्चित होते थे। आद्रा नक्षत्र मे जागरणोत्सव, मूल एव उत्तरा मे पूजन और श्रवण नक्षत्र मे देवी का विसर्जन किया जाता था। नवमी तिथि को दुर्गा के उगृरूप और दशमी की सौम्य रूप की पूजा की जाती थी। उग्र रूप के पूजन मे पशु बलि भी दी जाती थी, परन्तु सौम्य रूप के पूजन मे यह बलि कर्म नही अपनाया जाता था।[14]

सरस्वती की भी मन्त्रो द्वारा स्तुति की जाती थी, इन्हे भारती और वाग्देवी के नाम से भी सम्बोधित किया जाता था।[15]

इस समय लक्ष्मी पूजन मे लोगो की विशेष अभिरुचि थी।[16] लक्ष्मी की अधिकाश प्रतिमाए विष्णु के साथ ही मिली है।[17] दुर्गा की तरह लक्ष्मी का भी वार्षिकोत्सव मनाया जाता था। लोगो का विश्वास था कि लक्ष्मी पूजन का लोगो का एक प्रकार का ऋण रहता है जो इस उत्सव से पूर्ण हो जाता है।[18]

मातृका देवी :—

मातृकाओ की उपासना शक्ति पूजन का प्रमुख अश था। मातृकाए सस्था मे सात होती थी तथा एक ही शिलाखण्ड पर सातो प्रतिमाए अकित होती थी। इनके नाम क्रमश ब्रह्माणी, महेश्वरी, कौमारी, इन्द्राणी, वैष्णवी, बाराही और चामुण्डा थे।[19] अलबरूनी के अनुसार चामुडा देवी के पुजारी बकरो भैसो आदि की बलिया चढाते थे।[20] नवमी और त्रयोदशी तिथि को इनकी इष्टादेवी विशेष रूप से पूजा होती थी।[21]

नकुलिश[22] की पूजा का उल्लेख आगम ग्रन्थो मे मिलता है। अलकारो से अलकृत तप्त सुवर्ण के समान आभावाली गरुड पर अधिष्ठित इनके

स्वरूप की कल्पना की गयी है। इन्हे वाणी की अधिष्ठात्री देवी भी कहा गया है। इन्हे वाणी की अधिष्ठात्री देवी भी कहा गया है।[23] सन्तानोत्पत्ति के छठे दिन इसी शक्ति तत्व का षष्ठीदेवी के नाम से पूजन किया जाता था।[24]

शैव सम्प्रदाय –

शिव को सार्वकालिक उपास्यदेव मानने वालो का समूह शैव सम्प्रदाय कहलाता है। अधिकाश परमार राजा शिव के परम भक्त थे। सीयक हर्ष, वाक्पति राज मुज, भोज, जयसिह, अर्जुनदेव वर्मन, देवपाल और जयवर्मन द्वितीय आदि ने दान द्वारा शिव पूजा को प्रोत्साहन दिया। उदयदित्य ने उदयपुर मे एक शिवमदिर का निर्माण कराया। सर्व प्रथम विमकैडफिसस के सिक्को पर शिव प्रतिमा अकित मिलती है।[25] कुषाण शासको ने इनका अनुसरण किया। इसके बाद गुप्तो ने भी शैव उपासना का प्रसार किया। इसके बाद गुप्तो ने भी शैव उपासना का प्रसार किया। इस समय शिव प्रतिमाओ का निर्माण बडे पैमाने पर होता था।[26]

परमार वशी शासको के समय यह सम्प्रदाय अपने विकसित अवस्था मे था तथा इस सम्प्रदाय को अनेक परमार शासको का पूर्ण सरक्षण मिला। प्रमुख परमार राजाओ के अभिलेख शिव स्तुति से आरम्भ होते है। परमार भोज के अभिलेख ऊँ नम व्योमकेशम या ऊँ नम समरारति से आरम्भ होते है। जिनका अर्थ शिव है।[27] परमार जगददेव का झालसपाटन एव डोगरगॉव अभिलेख ऊँ नम शिवाय से प्रारम्भ होता है।[28]

परमार वशीय शासको के समय यह सम्प्रदाय अपनी विकसित अवस्था में था तथा उसे तत्कालीन अनेक राजाओ का पूर्ण प्रश्रय प्राप्त था। सीयक, वाक्पतिराजमुज, सिन्धुराज, भोज, उदयादित्य और नरवर्मा आदि सभी मुख्य परमार शासक शिवभक्त थे।

परमारो ने परम भट्टारक महाराजधिराज परमेश्वर[29] की उपाधिया धारण की थी। उदयपुर प्रशस्ति मे राजा भोज को भर्ग्गभक्त के नाम से सम्बोधित किया गया है।[30] उपर्युक्त प्रमाणो से भी प्रमाणित होता है कि इस वश के शासक शिव भक्त थे। यद्यपि विभिन्न प्रकार के मन्त्रोत्त्चारणो से शकर की स्तुतियॉ की जाती थी, परन्तु "ॐ नम शिवाय"[31] इस समय का सर्व प्रधान एव प्रचलित मन्त्र था। शिव के साथ सलग्न रहने वाले अन्य देवताओ मे गगा, सर्प आदि की भी स्तुतियॉ की जाती थी।[32] तत्कालीन अभिलेखो[33] मे शकर की अनेक प्रकार की स्तुतियॉ मिलती है।

पूजा उपासना आदि की दृष्टि से शकर के अनेक नाम थे जैसे– व्योमकेश, स्मरारातिि, भवानीपति, शम्भू,[34] मारकण्डेश्वर, महाकाल, नीलकण्ठेश्वर[35] शूलपाणि, पीनाकपाणि,[36] कोटेश्वर, कनखलनाथ, अतुलनाथ, वलक्लेश्वर, सिद्धनाथ, मनेश्वर, वैद्यनाथ, उथलेश्वर और गोहेडेश्वर[37] आदि। कही–कही अचलेश्वर[38] के नाम से भी शिव का उल्लेख मिलता है।

अधिकाशत लिग रूपो मे ही शकर की पूजा होती थी। कभी–कभी यह लिग मुख के आकार का होता था। जिसका ऊपरी हिस्सा ब्रह्माण्ड का प्रतीक माना जाता था। इसके पूर्वी हिस्से मे सूर्य, उत्तर मे ब्रह्मा, पश्चिम मे विष्णु और दक्षिण भाग मे रुद्र की आकृतियॉ बनी होती थी। यह लिग शैव धर्म के दार्शनिक तत्व की पुष्टि करता है। जिसमे रुद्र सूर्य, विष्णु और ब्रह्मा एक ही सार्वभौम ज्योर्तितत्व के भिन्न–भिन्न प्रकाश स्वरूप माने गये है। वह सार्वभौम ज्योति सदाशिव तत्व है। भोज ने अपने तत्वप्रकाश[39] नामक ग्रन्थ मे सदाशिवतत्व के विषय मे विस्तृत उल्लेख किया है। चारमुख वाले शिव लिगो की भी उपासना होती थी। जिन्हे चतुर्मुख मार्कण्डेश्वर के नाम से भी सम्बोधित किया जाता था। महाकुमार हरिश्चन्द्र ने इसी लिग की पूजा की थी।[40]

परमारो के समय अनेक शिव मन्दिरो का निर्माण हुआ। इन मदिरो के नाम प्राय उनमे प्रतिष्ठित महादेव की मूर्तियो के नामो पर नीलकण्ठेश्वर, अचलेश्वर, आदि रखे जाते थे। इस वश के सबसे प्रतापी एव धार्मिक शासक भोज ने अपने शासन काल मे विभिन्न शिव मदिरो का निर्माण कराया था।[41] चित्तौड किले के मन्दिर मे इसने अपने नाम पर भोजस्वमिदेव नामक शिवलिग की प्रतिष्ठा[42] की थी। इसी तरह एक अन्य मन्दिर मे त्रिभुवन नारायण देव नामक एक दूसरे शिवलिग की स्थापना की थी।[43] इस मदिर के भग्न हो जाने पर इसका पुन जीर्णोद्वार वि0 स0 1458 मे महाराणा मौकल ने कराया था। आजकल वही मन्दिर अदबदजी (अद्भुत जी) का या मौकल जी का मदिर कहलाता है।[44] उदयादित्य ने उदयपुर मे नीलकण्ठेश्वर महादेव के मदिर का निर्माण कराया था। इसी प्रकार निमार और ऊणा नामक स्थानो पर सिद्धेश्वर, महाकालेश्वर वल्लभेश्वर, नीलकण्ठेश्वर और गुप्तेश्वर नामक उस समय के शिव मदिरो का उल्लेख मिलता है।[45]

परमार शासको के अतिरिक्त उनके सामन्तो ने भी अनेक मदिरो का निर्माण कराया था। जयसिह के सामन्त वागड के परमार शासक माडलिक ने पाशुलाखेटक गाव मे मडलेश्वर नामक शिव मदिर का निर्माण कराया। उसका खर्च चलाने के लिए जयसिह ने उस मार्ग से गुजरने वाले प्रत्येक व्यापारी के लिए यह निश्चित कर दिया था कि वह एक निश्चित बोझ के बदले मे एक विशोयक (सिक्का) मदिर को दे। माडलिक ने भी कुछ भूमि, धान के खेत और एक बगीचा इस मदिर के लिए दान दिया था।[46]

परमार अधिपतियो एव सामन्तो के अतिरिक्त शिवभक्त प्रजा भी मदिर निर्माण मे सहयोग देती थी। मालव शासक उदयादित्य के कार्यकाल मे जन्न नामक एक तेली पटेल ने एक मदिर बनवाकर उसमे सैन्धव देव नामक

शिव प्रतिमा की स्थापना की। इस मदिर के वार्षिकोत्सव पर वह चार पैली तेल व कुछ मिष्ठान नैवेद्य के निमित्त देता था।[47] इसी प्रकार देवपाल के शासन काल मे हर्षपुर मे केशव नामक एक व्यापारी ने एक शिव मदिर का निर्माण कराया। साथ ही उसने उसके समीप एक तालाब और अन्य देवताओ, हनुमान, गणेश, कृष्ण और अम्बिका देवी की प्रतिमा को प्रतिष्ठित किया।[48] मीनमाल के परमार शासक कृष्णराज के शासनकाल मे जैनक नामक एक ब्राह्मण ने शिव मदिर पर अपनी व्यक्तिगत सम्पति से एक स्वर्णकलश लगवाया था।[49] इसी तरह शैव तापस केदाररासी ने कोटेश्वर नामक शिव मदिर का जीर्णोद्वार करवाया था।[50] तत्कालीन शासको एव प्रजा की शैव सम्प्रदाय सम्बन्धी कृतियो को देखने से ऐसा मालूम होता है कि वे केवल मदिरो का निर्माण तथा जीर्णोद्वार ही नही करवाते थे, बल्कि भविष्य मे उनका खर्च चलाने के लिए उनकी पूर्ण व्यवस्थाये भी करते थे।

शैव सन्यासियो के रहने के लिए मठो की भी व्यवस्थाये थी। आबू शासक धारा वर्ष के राज्यकाल मे शैव सन्यासी केदाररासी के सरक्षण मे चलने वाले नूतन नामक उज्जैन स्थित एक विशाल मठ का उल्लेख मिलता है। चडिकाश्रम नामक भी एक दूसरा विशाल मठ था। इन मठो मे शैव सन्यासिनी स्त्रियो के भी रहने की व्यवस्था रहती थी। शैव सन्यासिनी योगेश्वरी तो नूतन मठ की कुछ समय तक प्रधान सचालिका रही।[51]

शैव सम्प्रदाय की शाखायें– शैवागम के अनुसार शैव सम्प्रदाय चार शाखाओ मे विभक्त है।[52] शैव अथवा वीर शैव, पाशुपत, कापालिक और कालमुख ।

परमारवशीय नरेशो के राज्यकाल मे केवल पाशुपत और कापालिक नामक दो शाखाओ के ही उल्लेख मिलते है।

पाशुपत – पाशुपत (सम्प्रदाय) शाखा वाले शैव लोग अपने ललाट पर भस्म लगाते एव हाथो मे रूद्राक्ष की माला रखते थे।[53] इस शाखा वाले लोग दिन मे तीन बार स्नान करते एव अपने सम्पूर्ण शरीर मे भस्म लगाते थे। ये लोग सदैव अह–अह शब्द करते और शकर की स्तुति से सम्बन्धित गीत गाया करते थे। शकर की ही तरह ताण्डव नृत्य तथा कुछ पागलो सा व्यवहार भी करते थे। ये सभी उनके दैनिक कार्य समझे जाते थे। परन्तु इन विचित्र प्रकार के कार्यों का प्रदर्शन सर्व साधारण लोगो के सामने नही किया जाता था। ये लोग भिक्षाटन द्वारा प्राप्त वस्तुओ से अपनी क्षुधाग्नि तृप्त करते थे।[54]

इस शाखा के सस्थापक लकुलीश नामक एक व्यक्ति था। जिसे शिव का अवतार माना जाता था। यह सदैव अपने हाथ मे लकुटि (घडी) लिये रहता था।[55] सम्भवत इसीलिए इसे लकुलिश कहा जाता था। कुछ लोगो के अनुसार पाशुपत और लकुशि ये दोनो भिन्न–भिन्न नाम थे।[56] डॉ0 भण्डारकर[57] के अनुसार पाशुपत सम्प्रदाय के सस्थापक लकुलिश थे। अत इस सम्प्रदाय को लकुलिश सम्प्रदाय कहा जाता था।

कालान्तर मे लकुलिश के स्थान पर पाशुपत (शिव) के नाम पर इसे पाशुपत सम्प्रदाय कहा गया। इन उपर्युक्त विचारो विमर्शों से स्पष्ट होता है कि लकुलिश पाशुपत एक ही शाखा का नाम था। धारा वर्ष के लिए शिलालेख से चापलगोत्रीय किसी पाशुपत धर्म के अनुयायी का ज्ञान होता है।[58] धारा वर्ष आबू का शासक था वो पाशुपत शाखा वाले शैवो का मुख्य केन्द्र माना जाता था। अशोक कुमार मजूमदार के अनुसार पाशुपत शाखा वाले लोग चापलगोत्रीय होते थे।[59] चापलगोत्रीय शैव लोग अपने नाम के अन्त मे रासी शब्द जोडते थे। जैसे–वाकलरासी, योगेश्वररासी, मौनिरासी और केदाररासी आदि।[60] आबू के अतिरिक्त मीनमाल की पाशुपतो का केन्द्र था। वहॉ के शासक कृष्णराज ने पाशुपताचार्य नावल को भूमि दान दी थी।[61]

कापालिक –

यह शैव सम्प्रदाय की दूसरी शाखा थी, जिसे पाशुपतो की तुलना मे द्वितीय स्थान प्राप्त था। इस शाखा के अनुयायी भी अपने शरीर मे भस्म लगाते थे। ये लोग मृत व्यक्तियो के कपालो को खप्परो के रूप मे लिए रहते थे एव उसमे भोजन भी करते थे। इसी से इन्हे कापालिक कहा जाता था। ये लोग नग्न रहते हुए शिवलिग सदैव अपने साथ रखते थे। कापालिको की गतिविधियो को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि उन पर तात्रिको का प्रभाव था। ये लोग अपने नाम के साथ ''महाव्रतधर'' शब्द लगाते थे। उनका एक प्रकार का नाम सस्कार होता था जिसमे ये महाव्रतधर की उपाधि प्राप्त करते थे।[62] भोज ने इस शाखा के दिनकर मुनि नामक महाव्रतधर को भूमिदान दी थी।[63]

वैष्ण सम्प्रदाय :–

शिव की उपासना के साथ–साथ विष्णु की भी उपासना होती थी। विष्णु मूलत वैदिक देवता है, परन्तु पौराणिक काल मे मुख्य रूप से नारायण, विष्णु और वासुदेव नामो से लोग उनकी उपासना करते थे। इस प्रकार के उपासक वैष्णव के नाम से विख्यात हुए और इस उपासना मे विहित विधियो के अनुयायी परम्परा को वैष्णव सम्प्रदाय के नाम से अभिहित किया गया।

यह परम्परा अति प्राचीन काल से ही अनुकृत है। महाभारत के नारायणी पर्व मे छ अवतारो की कल्पना की गई है।[64] वायु पुराण के दो अध्यायो मे भी इसका वर्णन किया गया है।[65] प्रथम अध्याय मे बारह अवतारो की और द्वितीय मे दस अवतार (शूकर, सिह, वामन, राम, रामदशरथी, वासुदेय, कृष्ण, दत्तात्रेय, अनाम, वेदव्यास और कल्कि) का उल्लेख मिलता है।

परमार वशीय राजाओ के कार्यकाल मे इस सम्प्रदाय की सर्वतोमुखी उन्नति हुई। महाभारत एव पुराणो मे वर्णित आधार पर इस समय विष्णु के विभिन्न अवतारो को लोग मानते थे, जिनमे विशेषत नृसिहावतार,[66] एव बारहावतार[67] की प्रधानता थी। आबू शासक प्रताप सिह को सम्मान मे वाराह की उपाधि से विभूषित किया गया था। नागपुर प्रशस्ति[68] मे विष्णु के मत्स्यावतार का उल्लेख मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि इस अवतार की भी उपासना होती थी। मत्स्य तथा कूर्म आदि अन्य जीवो के रूप मे अवतार लेकर विष्णु के विश्व सम्भालने की कल्पना की गयी है। साथ ही साथ यह भी स्पष्ट है कि ईश्वर इस विश्व की रचना अपने से भिन्न रूप मे नही करता, अर्थात यह ससार कोई भिन्न तत्व नही, बल्कि ईश्वरमय ही है। विष्णु के वाहन गरुड का चिह्न तत्कालीन वैष्णव सम्प्रदाय की ओर भी अधिक स्पष्ट करता है। सीयक द्वितीय वाक्पतिराजभुज और भोज के ताम्रपत्रो पर यह चिह्न अकित पाया गया है।[69] भोज के एक शिलालेख[70] मे जो गरुडध्वज का उल्लेख मिलता है वह ध्वज सम्भवत विष्णु मदिर के समीप ही लगा था।

लोग अनेक नामो से विष्णु की उपासना करते थे जो नारायण[71] कृष्ण (मुररिपु)[72], शाहिर्ग्गण,[73] हरि,[74] वासुदेव,[75] वामन और पुरुषोत्तम आदि। शिव के समान विष्णु की भी "ओम नम पुरुषार्थचूडामणै" और "ॐ नम श्री नारायणाय"[76] के मत्रो से स्तुति की जाती थी।

मूर्ति रचना शास्त्र मे विष्णु के मत्स्यावतार की आकृति के विभिन्न विचार उपलब्ध होते है। कुछ लोगो के अनुसार शरीर का निचला भाग मछली का तथा ऊपरी हिस्सा मनुष्य के आकृति का होता था।[77] शिल्पशास्त्र मे इस अवतार को प्रदर्शित करने के लिए मछली की ही आकृति मिलती है। इसी प्रकार विष्णु के कच्छपावतार[78] को भी लोग मानते थे। परन्तु इस समय इनकी

चतुर्भुजी प्रतिमा ही अधिक प्रचलित थी। इनके चार हाथो मे शख, चक्र, गदा और पद्म रहते थे। भोज ने चतुर्भुज विष्णु का उल्लेख किया है।[79]

इस समय अनेक विष्णु मदिरो के निर्माण और जीर्णोद्वार कराये गये। पाटनारायण शिलालेख[80] से स्पष्ट होता है कि आबू के परमार शासक प्रताप सिह के ब्राह्मण मत्री वेल्हण ने विष्णु के एक मन्दिर का जीर्णोद्वारा कराया था। मान्धाता नामक स्थान के समीप दैत्यसूदन (विष्णु) के मदिर,[81] निभार मे एक अपूर्ण विष्णु मन्दिर,[82] तथा चन्द्रावती मे बारह अवतारी विष्णु के मन्दिर[83] का उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार मुगथला स्थान स्थित मधुसूदन के मन्दिर का भी विवरण मिलता है।[84]

विशेष तिथियो को वैष्णवोत्सव मनाये जाते थे। भाद्रमास के कृष्णपक्ष की अष्टमी को कृष्णजन्माष्टमी आषाढ मे शयनोत्सव और कार्तिक मास मे विष्णु का जागरणोत्सव मनाया जाता था।

सौर सम्प्रदाय :–

हिन्दू देवताओ मे शिव और विष्णु के बाद इस समय तृतीय स्थान सूर्य को ही प्राप्त था। वैदिक काल से ही भारत मे सूर्योपासना प्रचलित है। डॉ0 भण्डारकर के अनुसार यह प्रथा वैदिक नही बल्कि सीथियनो की देन है।[85] भविष्यपुराण मे भग जाति द्वारा सूर्य मन्दिर निर्माण का उल्लेख मिलता है।[86] इसी भगजाति के लोगो का बाद मे शाकद्वीपीय ब्राह्मण के नाम से सम्बोधित किया जाने लगा। बाराहमिहिर के अनुसार सूर्य प्रतिमा और मन्दिरो का निर्माण सर्व प्रथम भग अथवा शाकद्वीपीय ब्राह्मणो ने ही किया।[87] अलबरूनी ने चर्चा की है।[88]

परमार कालीन समाज मे भी सूर्य पूजा प्रचलित थी। इसके उपासको का एक अलग सम्प्रदाय था। जिसे सौर सम्प्रदाय कहा जाता था।[89] सूर्य की स्तुतियाँ भिन्न–भिन्न प्रकार के मन्त्रो से की जाती थी। जिनमे "ॐ नम सूर्याय" मन्त्र[90] सर्वाधिक मान्य था। मीनमाल के परमार शासक कृष्णराज का एक शिलालेख सूर्य स्तुति से ही आरम्भ होता है।[91] इस समय सूर्य पूजा की विधि भी कुछ भिन्न प्रकार की ही थी। भोज[92] के निर्देश से स्पष्ट होता है कि सूर्य उपासक लाल वस्त्र पहनकर लाल ही चन्दन तथा नीम के पुष्प एव पत्तो से सूर्य की पूजा करते थे।[93] रविवार के दिन विशेष प्रकार से सूर्य की पूजा की जाती थी। इस समय के मुसलमान यात्रियो ने भी सूर्य पूजा का उल्लेख किया है। अलबरूनी के अनुसार मुल्तान मे सूर्य की भव्य प्रतिमा थी, जहॉ दर्शनार्थ हजारो व्यक्ति हर वर्ष आते एव उपहार आदि समर्पित करते थे।[94]

लोग नित्य स्नानादि के बाद सूर्य को अर्ध्य भी देते थे। सिन्धुराज ने अपनी अजुली मे जल और पुष्प लेकर अर्ध्य दिया था।[95] कुछ विशेष तिथियो पर सूर्य व्रत किया जाता था। जिनमे शुक्ल और कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथिया विशेष मान्य थी किन्तु सम्पूर्ण दिन सप्तमी होने पर ही सूर्य का व्रत किया जाता था। यदि सप्तमी अष्टमी से युक्त हो अर्थात एक ही दिन दोनो तिथियो का योग हो तो उस दिन उपवास नही किया जाता था। ऐसा योग होने पर षष्ठी के दिन व्रत एव पूजन करके अष्टमी तिथि को धारण किया जाता था।[96]

सूर्य भक्त राजाओ ने अनेक मन्दिरो का निर्माण कराया था। आबू के परमार शासक पूर्णपाल की विधवा बहिन लाहिणी देवी ने वाटपुर मे नदी के किनारे एक सूर्य मन्दिर बनवाया था।[97] इसी प्रकार मालव शासक जगदेव के मत्री लोलार्क की पत्नी पद्मावती ने निम्बादित्य नामक एक सूर्य मन्दिर का निर्माण कराया था।[98] शासको के अतिरिक्त प्रजा भी इस कार्य मे सहयोग देती

थी। मीनमाल के शासक कृष्णराज के कार्यकाल मे व्यापारी धन्धुक ने जगतस्वामी नामक एक प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर का निर्माण करवाया था तथा जेजक नामक एक ब्राह्मण ने अपने व्यक्तिगत धन से इस पर स्वर्ण कलश लगवाया था।[99]

अन्य उपास्य देवगण –

गणेश – छोटे देवताओ मे गणेश की उपासना मुख्य थी। जो अभिलेखो से स्पष्ट है।[100] परन्तु यह सूर्य, विष्णु और शिव की तरह वैदिक नही बल्कि पौराणिक देव है। उदयपुर प्रशस्ति[101] मे शिव पार्वती के साथ गणेश की वन्दना की गयी है। इन उपर्युक्त प्रभावो से मालुम होता है कि इस समय पचदेवताओ (विष्णु, शिव, सूर्य, शक्ति और गणेश) की प्रधानता थी। आजकल की तरह उस समय भी कोई शुभ कार्य आरम्भ करने से पूर्व गणेश की स्तुति की जाती थी। इसके लिए भी गणेशाय नम का मत्र अधिक प्रचलित था। इसके अतिरिक्त हेरम्ब आदि नामो से भी इनकी उपासना होती थी।[102]

कार्तिकेय[103] – फाल्गुन मास की पूर्णिमा को सूर्य के कुम्भ राशि पर स्थित होने पर कार्तिकेय विशेष पूजा की जाती थी। कार्तिकेय प्रतिमा को रथ आवेष्ठित करके जुलूस भी निकाला जाता था।

वरुण ·– जल के देवता माने जाते है। आबू के शासक पूर्णपाल के एक शिलालेख[104] मे इनका उल्लेख मिलता है।

क्षेत्रपाल ·– इनकी भी पूजा होती थी।[105] प्राचीन ग्रन्थो मे क्षेत्रपाल की सख्या 49 मानी गयी है। दही, ऊर्द और भात इनका नैवेद्य माना जाता था।[106] ये भूत, प्रेत, पिशाचिनी, डाकिनी एव बैताल आदि से सदैव घिरे रहते थे।[107] विवेच्ययुग मे क्षेत्रपाल नामक देवता खेत का सरक्षक समझा जाता था।

देवपाल के राज्यपाल मे व्यापारी केशव ने शम्भू मन्दिर के समीप ही इनकी प्रतिमा प्रतिष्ठित की थी।[108]

हनुमान – इस समय हनुमान जी की पूजा के भी प्रमाण मिलते है।[109]

